CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
तुलसी आयुर्वेदिक
चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक



## कोलकाता ने तीसरी बार जीता आईपीएल टाइटल-10 साल बाद चैंपियन बनी टीम



चेन्नई। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आंद्रे रसेल के नेतृत्व में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर के नाबाद अर्धशतक की मदद से फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर तीसरी बार आईपीएल का खिताब जीता।

कोलकाता ने रविवार को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम पर खेले गए फाइनल में गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया और किसी भी समय पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम को हावी होने नहीं दिया। कोलकाता ने इससे पहले अपना अंतिम खिताब 2014 सीजन में पंजाब किंग्स को हराकर जीता था और अब 10 साल बाद टीम ने फिर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया है। हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन कोलकाता के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की और हैदराबाद को 18.3 ओवर में 113 रन पर रोक दिया। हैदराबाद के लिए कप्तान पैट कमिंस ने 19 गेंदों पर सर्वाधिक 24 रन बनाए। हैदराबाद का कोई बल्लेबाज ना तो बड़ी पारी खेल सका और ना ही टीम कोई साझेदारी बना सकी जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### हैदराबाद का पावरप्ले का दूसरा न्यूनतम स्कोर

हैदराबाद ने पावरप्ले में तीन विकेट पर 40 रन बनाए जो इस सीजन उसका पहले छह ओवर के बाद संयुक्त रूप से दूसरा न्यूनतम स्कोर है। हैदराबाद का इस सीजन पावरप्ले में सबसे न्यूनतम स्कोर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दो विकेट पर 37 रन रहा था।

### हैदराबाद की खराब शुरुआत

इससे पहले, हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया, लेकिन क्वालिफायर-1 की तरह फाइनल में भी केकेआर के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने हैदराबाद को पहले ही ओवर में झटका दिया। स्टार्क ने पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को बोल्ड किया जो पांच गेंदों पर दो रन बनाकर आउट हुए। हैदराबाद अब तक शुरुआती झटके से उबरी भी नहीं थी कि वैभव अरोड़ा ने विकेट के पीछे रहमानुल्लाह गुरबाज के हाथों ट्रेविस हेड को कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। हेड खाता खोले बिना आउट हुए। पिछले चार मैचों में यह तीसरी बार था जब हेड शून्य पर पवेलियन लौटे।

## दिल्ली के चाइल्ड हॉस्पिटल में आग, 7 नवजात की मौत : अस्पताल का मालिक गिरफ्तार



**बिना लाइसेंस के चल रहा था दिल्ली का बेबी केयर अस्पताल, पुलिस के जांच में हुए कई बड़े खुलासे**

नई दिल्ली। दिल्ली के विवेक विहार स्थित बेबी केयर अस्पताल में लगी आग में सात नवजात शिशुओं की मौत के कुछ घंटों बाद, दिल्ली पुलिस ने कहा कि दिल्ली सरकार स्वास्थ्य सेवा (डीजीएचएस) द्वारा बेबी केयर न्यू बॉर्न चाइल्ड हॉस्पिटल को जारी किया गया लाइसेंस 31 मार्च को ही समाप्त हो चुका है। अस्पताल में जो डॉक्टर नवजात का इलाज करने के लिए थे, वह भी योग्य नहीं थे, क्योंकि वे केवल बीएएमएस डिग्री धारक हैं।

### बेबी केयर अस्पताल का मालिक गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस ने अस्पताल मालिक और अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। मालिक की पहचान पश्चिम विहार के भैरों एन्क्लेव निवासी नवीन खिची के रूप में हुई, जबकि डॉक्टर की पहचान हरियाणा के जिला चरखी दादरी निवासी डॉ. आकाश (26) के रूप में हुई, जो बीएएमएस है।

पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि शनिवार रात करीब 11.30 बजे बेबी केयर न्यू बॉर्न अस्पताल में आग लगने के संबंध में एक पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) कॉल विवेक विहार पुलिस स्टेशन को प्राप्त हुई, जिसके बाद एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि आग ने अस्पताल और उसके आसपास की इमारत को अपनी चपेट में ले लिया है।

### आग लगने से पहले ही हो गई थी एक नवजात की मौत

डीसीपी ने कहा, अस्पताल में 12 नवजात शिशु भर्ती थे और एक की आग लगने की घटना से पहले ही मौत हो चुकी थी। सभी 12 नवजात शिशुओं को अन्य लोगों की मदद से अस्पताल से बचाया गया और इलाज के लिए पूर्वी दिल्ली एडवांस एनआईसीयू अस्पताल में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ग्रामीण के घर में हुआ ब्लास्ट..

## मचा हड़कंप, आईईडी ब्लास्ट में महिला का पैर उड़ा



### हादसे की जांच में जुटी पुलिस

सुकमा/बीजापुर। नक्सल प्रभावित सुकमा जिला में एक ग्रामीण के घर में आईईडी ब्लास्ट से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने इसे छिपाकर रखा था। इस ब्लास्ट की चपेट में आकर दो ग्रामीण महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। एक महिला के पैर के चीथड़े उड़ गए हैं, वहीं दूसरे की हालत नाजुक बतायी जा रही है। वहीं दूसरी तरफ बीजापुर जिला में नक्सलियों ने दहशत फैलाने के लिए मोबाइल टॉवर में आग लगाकर जनरेटर को फूंक दिया। इस घटना के बाद से आसपास के कई गांव का मोबाइल नेटवर्क ठप्प हो गया है।

आईईडी ब्लास्ट की ये घटना सुकमा के जगरगुंडा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक भीमापुरम गांव के एक महान में अचानक ब्लास्ट होने से पूरा गांव दहल गया। बताया जा रहा है कि जब ये ब्लास्ट हुआ उस वक्त घर पर दो महिलाएं मौजूद थीं। जिसकी चपेट में आने से दोनों महिलाएं बुरी तरह जख्मी हो गई। हादसे के बाद आनन-फानन में दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने इस घटना की पुष्टि की है। फिलहाल पुलिस इस ब्लास्ट की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि ग्रामीणों के घर पर माओवादियों ने आईईडी छिपा रखा था।

इस पूरे घटनाक्रम में ग्रामीणों की क्या भूमिका है, पुलिस इसे लेकर हर एक एंगल में जांच कर रही है। वहीं दूसरी तरफ बीजापुर में शनिवार देर रात नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचा है। यहां मोबाइल टावर को माओवादियों ने आग के हवाले कर दिया है। बताया जा रहा है कि टावर में आग लगाने के बाद जेनरेटर को फूंक दिया गया। जिससे आसपास के कई गांवों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या हो गई है। पूरा मामला कादुलनार के आदेड़ इलाके का है। बताया जा रहा है कि इलाके में नक्सल बंद का असर नहीं दिख रहा है। जिससे बौखलाए नक्सली इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

## मोदी ने 22 लोगों के 16 लाख करोड़ का कर्ज किया माफ : राहुल



शिमला । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के मात्र 22 लोगों को करो?पति बनाने के लिए काम कर रहे हैं और पिछले दस वर्षों में उनका 16 लाख करो? रुपए का कर्ज मा? किया गया है, लेकिन किसान का कर्ज मा? नहीं किया गया।

श्री गांधी ने आज हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिला के नाहन में कांग्रेस के पक्ष में प्रचार करते हुए श्री मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने राज्य में कांग्रेस पार्टी के चारों लोकसभा उम्मीदवारों को जिताने की अपील करते हुए कहा, मैं और प्रियंका दिल्ली में आपके सिपाही हैं और हिमाचल प्रदेश की आवाज को दिल्ली में बुलंद करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश में आपदा आई तो श्री मोदी ने प्रदेश की कोई मदद नहीं की। प्रदेश में आपदा से 22 हजार परिवार प्रभावित हुए और केंद्र सरकार ने कुछ नहीं दिया। नुकसान से 9000 करो? रुपए भी अभी तक केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को नहीं दिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि श्री नरेंद्र मोदी, अडानी और मीडिया की पार्टनर्शिप के कारण हिमाचल के सेब बाडबानों को सही दाम नहीं मिल रहा है। श्री मोदी ने सेब स्टोरेज का सारी फैसिल्टी एक आदमी को दे दी है और वह सेब के दाम को कंट्रोल कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र देश के 20-25 लोगों के लिए काम कर रहे हैं। देश के सात एयरपोर्ट अडानी की कंपनी को दे दिए गए हैं और हथियार बनाने का काम भी अडानी की कंपनी कर रही है। पूरा देश जानता है कि जब तक श्री मोदी सत्ता में हैं तब तक अडानी की कंपनी मुनाफा कमाएगी। श्री गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के मात्र 22 लोगों को करोड़पति बनाने के लिए काम कर रहे हैं। पिछले दस वर्षों में उनका 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया गया है, लेकिन किसान का कर्ज माफ नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि आज मीडिया सेब के दाम, किसानों और मजदूर की समस्याओं की चर्चा नहीं करता, बल्कि अडानी की शादी दिखाता है। उन्होंने कहा कि देश में सिर्फ 22 लोगों के सपने पूरे हो रहे हैं और बाड़ी का देश देखता रह जाता है। भारतीय जनता पार्टी सरकार ने नोटबंदी कर करोड़ों छोटे कारोबारियों को बर्बाद कर दिया और गलत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू किया।

श्री गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के करो?ों लोगों को लखपति बनाने जा रही है। कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने पर हर गरीब महिला के खाते में एक साल में एक लाख रुपए डाले जाएंगे। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी दी जाएगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी ने रेमल चक्रवात से निपटने समीक्षा की



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने आवास पर एक बैठक में उत्तरी बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवात रेमल के कारण उत्पन्न स्थिति से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार चक्रवाती तूफान के रविवार आधी रात तक मोंगला (बंगलादेश) के दक्षिण पश्चिम के करीब सागर द्वीप और खेपुपारा के बीच बंगलादेश और आसपास के पश्चिम बंगाल तटों को पार करने की संभावना है और इससे पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश होने की संभावना है। प्रधानमंत्री को बताया गया कि राष्टीय संकट प्रबंधन समिति पश्चिम बंगाल सरकार के साथ नियमित संपर्क में है। सभी मछुआरों को दक्षिण बंगाल की खाड़ी और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ की राजनीति में होगा बड़ा उलटफेर, भाजपा-कांग्रेस पार्टी के अहम पद खाली



रायपुर। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के बाद नवबर-दिसबर में शहरी सरकार यानी की नगरीय निकायों के लिए चुनाव होंगे। शहरी सरकार में अपना कब्जा जमाने के लिए प्रदेश की राजनीति में बड़ा उलटफेर होने के संकेत मिल रहे हैं। कांग्रेस-भाजपा दोनों ही अपने संगठन में बड़े बदलाव कर सकते हैं।

कांग्रेस नेताओं के भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी में संगठन के कई अहम पद खाली है। वहीं भाजपा लोकसभा चुनाव के नतीजों के आधार पर संगठन में बदलाव कर सकती है। इसके लिए दोनों ही दल 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद अपनी कवायद शुरू करेंगे। हालांकि राजनीतिक गलियारों में फेरबदल की चर्चा काफी तेज हो गई है।

### बदले जाएंगे कई जिलाध्यक्ष

कांग्रेस में विधानसभा चुनाव में हार के कारणों की रिपोर्ट तैयार की है। इसमें कई जिलों के जिलाध्यक्षों का प्रदर्शन काफी कमजोर रहा है। वहीं कई जिलाध्यक्ष को काम करते लंबा समय भी हो गया है। ऐसे में 8 से 10 जिलाध्यक्षों को बदला जाएगा। साथ ही इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि जहां से बड़े नेता पार्टी छोड़कर गए हैं, उन स्थानों पर एक मजबूत टीम तैनात की जाए।

### कांग्रेस में 50 फीसदी युवाओं को मिलेगी नई जिम्मेदारी

प्रदेश भाजपा जिला से लेकर मंडल स्तर तक की कार्यकारिणी में बदलाव करेगी। यह बदलाव जून के तीसरे सप्ताह में हो सकता है। फिलहाल प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा जिलों के साथ मंडल अध्यक्षों, उपाध्यक्षों, सचिव सहित अन्य पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की जा रही है। बताया जाता है कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए बड़े नेताओं को भी पार्टी में महत्वपूर्ण पद दिया जा सकता हैं, ताकि नगरीय निकायों के चुनाव में ऐसे लोगों से महत्वपूर्ण काम लिया जा सके। बता दें कि सबसे ज्यादा कांग्रेसी लोकसभा चुनाव (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पश्चिम बंगाल : सीमा सुरक्षा बल ने एक छोटे से मकान से ज़ब्त किए 12 करोड़ रुपये के गोल्ड बिस्कुट



नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के 24 उत्तरी परगना ज़िले के एक गाँव से सीमा सुरक्षा बल की टीम 89 सोने के बिस्कुट बरामद किए हैं। ज़िले के एक गाँव में ये सोने के बिस्कुट एक कपड़े की बेल्ट में छिपाकर रखे गए थे। बरामद किए गए सोने के बिस्कुट अलग अलग आकार के हैं।

सीमा सुरक्षा बल को लगातार तीसरे दिन भारत- बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा के इलाकों से सोने की बड़ी खेप बरामद करने में सफलता मिली है। 24 उत्तरी परगना ज़िले के गुनारमथ सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) चौकी को ये इंटैलिजेंस अलर्ट मिला कि पास के ही एक गाँव में एक व्यक्ति ने अपने घर में ही तस्करी कर लाए गए सोने की बड़ी खेप छिपाकर रखा है।

हलदरपाडा गाँव में जब सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने स्थानीय लोगों की मदद से एक घर में दबिश दी तो वहाँ से सोने की ये बड़ी खेप मिली सीमा सुरक्षा बल ने पहले सूचना के मुताबिक़ बताए गए घर को चारों तरफ़ से घेर लिया फिर गाँव के प्रमुख लोगों के सामने पूरे घर की तलाशी ली जिसमें लकड़ी की चौकी के नीचे से कपड़े की बेल्ट में छिपाकर रखा गोल्ड बिस्कुट बरामद किए गए।

पकड़े गए लश्कर के मुताबिक़ उसे यह सोने की खेप बांग्लादेश के एक तस्कर ने दी थी। अपने घर छिपाकर रखने के लिए प्रतिदिन 400 रुपया प्रतिदिन के हिसाब से क़ीमत दे रहा था। बीएसएफ के अफ़सरों के मुताबिक़ पकड़ा गया तस्कर पहले भी बनगाँव में हुई एक तस्करी के बड़े मामले में जेल की सज़ा काट चुका है। गिरफ़्तार किए गए तस्कर और बरामद किए गए सोने की खेप को कोलकाता में डायरेक्टर ऑफ़ रेवेन्यू इंटेलिजेंस के सुपुर्द कर दिया गया है।

## टीएमसी की महिला विधायक का है भाजपा के साथ संबंध, सीएम ममता बोली- मैं उसे तब तक माफ नहीं करुंगी...



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी ही पार्टी की विधायक उषा रानी मंडल पर भाजपा के साथ गुप्त समझौता करने का आरोप लगाया। बता दें कि उषा रानी उत्तर 24 परगना जिले के मिनाखान विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस की विधायक हैं जो बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

### मैं उसे तब तक माफ नहीं करूंगी...

ममता ने कहा, वह (उषा रानी मंडल) तृणमूल विधायक बनी रहेंगी। फिर भी वह पार्टी की किसी भी बैठक में शामिल नहीं होंगी। मैं उषा रानी को तब तक स्वीकार नहीं करूंगी, जब तक वह माफी नहीं मांगतीं।

मेरा उनसे कोई संबंध नहीं है। मैं उनके जैसे लोगों को अपनी पार्टी में नहीं चाहता। मुख्यमंत्री ने मिनाखान में बशीरहाट से पार्टी उम्मीदवार हाजी नुरुल इस्लाम के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, वह और उनके पति पार्टी को बेचने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे मैं कभी स्वीकार नहीं करूंगी।

### वे सोचते हैं कि वह हर किसी को खरीद सकते हैं

इसके साथ ही ममता ने भारतीय जनता पार्टी पर उनकी पार्टी के नेताओं को खरीदने के लिए लाखों रुपये खर्च करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हर दिन लाखों की नकदी जब्त की जा रही है। वे नकदी बांटकर वोट खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। वे सोचते हैं कि वे नकदी से हर किसी को खरीद सकते हैं।

### मैं भाजपा का फैसला कभी नहीं मानूंगी

मुख्यमंत्री ने कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा पारित दो हालिया आदेशों - लगभग 26,000 स्कूल नौकरियों को रद्द करना और 2010 के बाद बंगाल सरकार द्वारा जारी किए गए पांच लाख से अधिक ओबीसी प्रमाणपत्रों को 'अमान्य' के रूप में रद्द करना ङ्क पर भी नाराजगी जताई। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं भाजपा की साजिश को सफल नहीं होने दूंगी। मैं नौकरियां या ओबीसी सर्टिफिकेट छीनने नहीं दूंगी। इसी तरह मैं राज्य में सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम), (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## गले में रस्सी बांधकर घसीटा, फिर मारकर लटकाया, मुर्गे की बलि चढ़ाकर बेटे को काट डाला, पत्नी से बोला- बलि चढ़ाई



बलरामपुर। जिले में एक युवक ने पहले मुर्गे की बलि चढ़ाई, फिर बेरहमी से चाकू से अपने बेटे का गला काट दिया।बलरामपुर में एक युवक ने अपने 4 साल के बच्चे की गला काटकर हत्या कर दी। इससे पहले आरोपी ने एक मुर्गे की भी जान ली। बताया जा रहा है कि आरोपी ने हत्या से पहले परिजनों से कहा था कि वह किसी की बलि देगा। मामला शंकरगढ़ थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, महुआडीह निवासी कमलेश नगेशिया (26) कुछ दिनों से बड़बड़ कर रहा था। इसके बाद शनिवार देर शाम वह चाकू लेकर घूम घर में घूमने लगा। परिजनों ने देखा तो उसकी मानसिक स्थिति को देखते हुए ध्यान नहीं दिया। रात को खाना खाने के बाद सब सोने के लिए चले गए।

### पत्नी से बोला- बेटे की बलि चढ़ा दी

कमलेश नगेशिया की पत्नी भी दोनों बच्चों को लेकर कमरे में चली गई। सुबह करीब 4 बजे उसकी नींद खुली तो देखा कि बड़ा बेटा अविनाश (4) उसके बगल में नहीं है। इस पर उसने कमलेश से अविनाश के बारे में पूछा तो उसने बताया कि आंगन में बलि चढ़ा दी है।

### पहले मुर्गा काटा, फिर बच्चे का गला

इतना सुनते ही कमलेश की पत्नी दौड़ते हुए आंगन में पहुंची तो वहां अविनाश का सिर कटा शव पड़ा हुआ था। पास ही एक मुर्गा भी मरा पड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और आरोपी कमलेश को हिरासत में ले लिया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस पूछताछ में कमलेश ने बताया कि उसने पहले घर के आंगन में एक मुर्गे का गला काटा। फिर वह कमरे में गया और वहां से अपने बड़े बेटे अविनाश को उठाकर आंगन में ले आया। जहां पर अविनाश की गला काटकर बलि दे दी।

CMYK

# विजुअल पुलिसिंग के तहत् जिले भर में पुलिस ने निकाला संध्या फ्लेग मार्च

- बाईक पेट्रोलिंग, पैदल पेट्रोलिंग एवं चार पहिया वाहन में पेट्रोलिंग पार्टी शहर के चप्पे-चप्पे में किया फ्लेग मार्च
- आउटर एरिया में भी गश्त पार्टी द्वारा भ्रमण कर असामाजिक तत्वों/नसेड़ियों को किया गया चेक





राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में ए.एस.पी. मुकेश ठाकुर (ऑपस) एवं ए.एस.पी. राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था, कि अपने अपने थाना/चौकी क्षेत्र में विजुअल पुलिसिंग के तहत् शहर में करेंगे फ्लेगमार्च। जिसके परिपालन में न.पु.अधीक्षक, एस.डी.ओ.पी. के पर्यवेक्षण में अपने अनुविभाग के थानों/पुलिस चौकी क्षेत्र के बाजार, हाट, मोहल्लों, कॉलोनियों एवं आउटर एरिया में थाना/चौकी प्रभारी व उनके दलबल के साथ भ्रमण कर संदिग्धों से पूछताछ की गई। अनावश्यक रूप से आउटर सुनसान एरिया में बैठे लोगों की पहचान की गई। शहर के बीच गली मोहल्लों में भ्रमण कर अपराधियों, गुण्डा बदमाशों, आवारा किस्म के लड़कों व नसेड़ियों को को समझाईश दिया गया।

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा फ्लेगमार्च महावीर चौक से प्रारंभ कर जयस्तंभ चौक, भारत माता चौक, तिरंगा चौक, लखोली नाका चौक, लखोली, कन्हारपुरी, भरकापारा चौक, पुराना बस स्टेण्ड होते हुए कोतवाली में समाप्त हुआ। थाना लालबाग में फ्लेगमार्च रेवाड़ीह से प्रारंभ होकर रेवाडीह शराब भट्ठी, पेण्ड्री भट्ठी, फरहद चौक, ट्रांसपोर्ट नगर चौक, पेण्ड्री होते हुए अटल आवास पेण्ड्री में समाप्त हुआ।

थाना बसंतपुर द्वारा फ्लेगमार्च थाना परिसर से प्रारंभ होकर कुंआ चौक, इंदिरा नगर चौक, नंदई चौक, जिला अस्पताल, महामाया चौक, फुर्सद के पल चौक, सागर पारा, ढिंमरापारा, दुर्गा चौक होते हुए बसंतपुर थाना में समाप्त हुआ। पुलिस चौकी चिखली द्वारा पुलिस चौकी से फ्लेगमार्च प्रारंभ कर स्टेशन पारा, गौरीनगर, महादेव नगर, चिखली, रामनगर, मोतीपुर, बजरंपुर, नवांगांव, शांतिनगर, दीनदयाल कॉलोनी होते हुए वापस पुलिस चौकी में समाप्त हुआ।

थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा फ्लेगमार्च निकाल कर शहर के हाट बाजार, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड में भ्रमण के साथ साथ होटल ढाबा, लॉज की भी चेकिंग की गई। थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा थाना से फ्लेगमार्च प्रारंभ कर नया बस स्टेण्ड, पुराना बस स्टेण्ड, कॉलेज रोड, गार्डन, बी.टी.आई. कॉलेज एवं डोंगरगांव मुख्य मार्ग एवं बाजार में भ्रमण कर वापस थाना में समाप्त हुआ। इस प्रकार जिले के विभिन्न थानों में फ्लेगमार्च निकाल कर गुंडा बदमाश, तेज रफ्तार मोटर सायकल से घूमते आवारागर्दी करते लड़कों निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वों को रोक कर पूछताछ एवं तलाशी की गई और समझाईश दी गई। फ्लेगमार्च/गस्त के माध्यम से आमजनों का पुलिस के प्रति विश्वास बड़ा है और गुंडा बदमाशों में भय का माहोल बना रहेगा।

# रेल कर्मी के घर सोने-चांदी के जेवरात सहित नगदी की चोरी

राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित जिले भर में बढ़ती चोरिया व गुंडे-बदमाशों सहित असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने पुलिस ने रात्रि में दल बल सहित काम्बिंग गस्त लगानी शुरू कर दी है। इसके बाद भी अपराधी तत्व पुलिस की आंख बचा कर आउटर क्षेत्रों में चोरी कार्य को अंजाम दे रहे है।

गत दिनों बसंतपुर थाना के ऋद्धि-सिद्धी कालोनी में तंत्र-मंत्र के फेर में एक व्यक्ति ने सोने चांदी के जेवरात सहित नगद राशि से हाथ धोया था। अंबागढ़ चौकी की सीमेन्ट दुकान में अज्ञात चोरों ने लेपटाप व गल्ले में रखे 7 हजार रूपए चिल्हर की चोरी की थी। इसके अलावा छुट-पुट चोरी व उठाई गीरी के मामले लगातार सामने आ रहे है। इससे लग रहा है कि चोर-बदमाशों को पुलिस का कोई डर या दहशत नहीं रह गया है।

### रेल कर्मी के घर चोरी

इस बार फरहद स्थित श्री राम पुरम में रहने वाले रेल कर्मी के घर चोरों ने धावा बोला और घर में रखे लाखों रूपए के जेवरात व नगदी रूपयों की चोरी कर ली। घटना रेल कर्मी की पत्नी बच्चे को लेकर अपने मायके बालोद गई हुई थी। चोर इस बीच घर सूना होने का फायदा उठाते हुए आलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात व नगदी चोरी कर ले गया। सुबह रेलकर्मी के डयूटी से लौटने पर घर का ताला टूटा होने का पता चला और आलमारी में रखे हुए सामान बिखरे हुए थे। तथा सोने-चांदी के जेवरात गायब थे।

चोरो ने सोने की चैन, सोने का मंगलसूत्र, सोने की चार अंगूठी, चांदी का करधन, दो नग पायल व 11 नग चांदी का पायल, भगवान की चांदी की छोटी-छोटी मूर्तियाँ आठ नग व सात हजार रूपए नगदी चोरी कर ले गए। बता दे कि इससे पहले रेवाडीह बटालियन के कई घरों में चोरी हो चुकी है। उसके आरोपी आज तक पकड़ी नहीं जा सके। फरहद में हुई चोरी के सम्बंध में लालबाग पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसी टीवी फुटेज खंगाल रही है। लेकिन अभी तक उक्त अज्ञात चोर का पता नहीं चल पाया है।

## आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई: सर्राफा व्यापारियों के ठिकानों पर रेड में 26 करोड़ कैश जब्त

नासिक (आरएनएस)। महाराष्ट्र के नासिक में आयकर विभाग ने सर्राफा व्यापारियों की दुकानों और डेवलपर्स के कार्यालयों पर छापेमारी की। लगातार 30 घंटे चली छापेमारी में टीम ने 26 करोड़ रुपये की नकदी और 90 करोड़ की बेहिसाब संपत्ति के दस्तावेज जब्त किए। मिली जानकारी के मुताबिक नासिक, नागपुर, जलगांव की टीम ने यह कार्रवाई की। 50 से 55 अधिकारियों ने सुराना ज्वैलर्स के परिसर के साथ-साथ उनके रियल एस्टेट व्यवसाय के कार्यालय पर भी छापा मारा। उनके आलीशान बंगले पर भी एक स्वतंत्र टीम ने निरीक्षण किया। शहर के विभिन्न स्थानों पर उनके कार्यालय, निजी लॉकर और बैंकों के लॉकर की भी जांच की गई। मनमाड और नंदगांव में उनके परिवार के सदस्यों के घरों की भी तलाशी ली गई। नासिक के इस सर्राफा कारोबारी के पास से करोड़ों की नकदी और बेहिसाब संपत्ति मिलने से कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आयकर विभाग की कार्रवाई में जो नगदी मिली है उसे गिनने में 14 घंटे लगे। सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी अघोषित आय और संभावित रूप से संदिग्ध वित्तीय गतिविधियों की व्यापक जांच का हिस्सा है। आयकर विभाग किसी भी विसंगति या छिपे हुए लेन-देन को उजागर करने के लिए सुराना ज्वैलर्स और महालक्ष्मी बिल्डर्स दोनों के रिकॉर्ड की जांच कर रहा है।

## शराब नहीं पिलाने पर काट खाया कान

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना क्षेत्र के ग्राम बांकल में शराब नहीं पिलाने पर चचेरे भाई ने अपने बड़े भाई का कान दांत से काट लिया। इससे बड़ा भाई कटे कान से लहू-लुहान हो गया है। घटना की शिकायत पीड़ित अरुण सिरमौर (20 वर्ष) द्वारा पुलिस में किए जाने पर आरोपी उत्तम सिरमौर के खिलाफ धारा 294, 324 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

प्रार्थी अरुण ने बताया कि 20 मई की रात्रि 9:30 बजे वह गांव के कार्तिक सिरमौर के खलिहान में बैठकर अपना मोबाइल देख रहा था। इसी दौरान उसके बड़े पिताजी का लड़का उत्तम पिता श्यामलाल सिरमौर (24वर्ष) आया और शराब पिलाने की बात कही। मना करने पर मां-बहन की गाली देते हुए उसके दाहिने कान को काट खाया। जिससे उसके दाहिने कान का हिस्सा कट कर अलग हो गया। खून से लथपथ कान को लेकर वह तड़पता रहा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नीतिश की फिर फिसली जुबान : चुनावी जनसभा में बोले- नरेंद्र मोदी को फिर से मुख्यमंत्री बनाना है



पटना साहिब (आरएनएस)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने चुनावी भाषण में लगातार स्लिप ऑफ टंग के शिकार हो रहे हैं। आए दिन उनकी जुबान फिसल रही है। रविवार को एक बार फिर एक चुनावी जनसभा में नीतीश कुमार की जुबान फिसल गई। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री बनने की कामना कर दी। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से मुख्यमंत्री बनाने का आग्रह किया। दरअसल, नीतीश कुमार पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के दनियावां इलाके में एनडीए प्रत्याशी रवि शंकर प्रसाद के चुनाव प्रचार में भाषण दे रहे थे, इसी बीच सीएम बोलते-बोलते गड़बड़ा गए। सीएम नीतीश ने रविशंकर प्रसाद के कमल छाप पर वोट देने के लिए जनता से आग्रह किया और कहा कि हम तो चाहते हैं कि एनडीए बिहार की सभी 40 सीटों पर विजयी हो और पूरे देश में 400 सीटें जीते। नरेंद्र मोदी जी फिर मुख्यमंत्री बनें और देश का विकास हो। बिहार का विकास हो। ये सुनते ही उनके अंगरक्षक ने कान में कहा कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं।

## दूध वाले ने पेश की मानवता की मिसाल, सड़क किनारे घायल पड़े प्रधान आरक्षक की बचाई जान, पहुंचाया अस्पताल





रायपुर। राजधानी रायपुर से दिल छू देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक दूध वाले ने मानवता और इंसानियत की मिसाल पेश कर सबका दिल जीत लिया। दूधवाले ने सड़क किनारे घायल पड़े प्रधान आरक्षक को सही समय पर अस्?पताल पहुंचाकर उनकी जान बचा ली।

दरअसल, शंभूनाथ सिंह छत्तीसगढ़ पुलिस में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। शंभूनाथ खमतराई थाने में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। बीती रात 12 बजे प्रधान आरक्षक ड्यूटी के बाद अपने घर सेजबहार जा रहे थे। इसी दौरान डुंडा पेट्रोल पंप के पास अचानक मवेशी के सामने आ जाने से उनका एक्सीडेंट हो गया। लगभग सड़क किनारे 20 मिनट पड़े रहने के बाद राजा नाम के दूधवाले की नजर घायल प्रधान आरक्षक पर पड़ी। उसने बड़ी तत्परता के साथ प्रधान आरक्षक को निजी हॉस्पिटल ले गया। जहां प्रधान आरक्षक का इलाज जारी है।

रायपुर पुलिस ने दूधवाले राजा की हौसला अफजाई की है। रायपुर पुलिस ने कहा, तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। इस तरह के लोगों का सामाजिक रूप से सम्मान किया जाना चाहिए। समय पर आम नागरिक द्वारा अपने मानवीय कर्तव्यों का पालन कर प्रधान आरक्षक की जान बचाई।

## भाजपा के लिए संविधान बहाना, आरक्षण निशाना : कांग्रेस

वाराणसी (आरएनएस)। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने रविवार को वाराणसी में भाजपा और पीएम मोदी पर बड़ा हमला बोला। पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि देश में इंडिया गठबंधन की आंधी चल रही है। उन्होंने कहा कि काशी के लोगों के साथ धोखा हुआ है। पीएम मोदी वोट वाराणसी के लोगों का लेते हैं और काम गुजरात का कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन अभी तक के चुनाव में 272 सीटों का आंकड़ा पार कर चुका है, अब जो मिलेगा, वो बोनस मिलेगा। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव को प्रधानमंत्री बनाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हर पार्टी के नेताओं का अधिकार है कि अपने नेता को बड़े पद पर काबिज होता देखें। पवन खेड़ा ने काशी की जनता से पीएम मोदी को हराने की अपील करते हुए कहा कि देश आज विकट स्थिति से गुजर रहा है। देश के हर परिवार में दुख, गुस्सा और निराशा है। भाजपा के नेता लगातार संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनकी पार्टी के अनंत हेगड़े से लेकर दीया कुमारी ने संविधान बदलने की सार्वजनिक मंचों पर वकालत की है।

## बारूद फैक्ट्री हादसे पर कांग्रेस ने बनाई जांच समिति, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

रायपुर। बेमेतरा बारूद फैक्ट्री में हादसे के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच समिति गठित कर दी है। साथ ही हादसे की जांच करते हुए राज्य सरकार से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश के बाद पूर्व विधायक अनिता शर्मा के नेतृत्व में बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट की जांच समिति गठित की गई है। जांच समिति के सदस्य घटना स्थल का दौरा करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। आठ सदस्यीय समिति में पूर्व विधायक सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस घटना के लिए जो भी दोषी हो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। बारूद फैक्ट्री के लाइसेंस एवं सुरक्षा मानकों की कब-कब सरकार ने जांच की। इसे भी सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

इस प्रकार के विस्फोटक एवं संवेदनशील सभी इकाइयों की सुरक्षा व्यवस्था का रिव्यू तत्काल किया जाना चाहिए। ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो सके। कांग्रेस ने घटना में मृतको के परिवारों को 50 लाख रुपये और घायलों को 10 लाख रुपये मुआवजा व पर्याप्त चिकित्सा सुविधा देने की मांग की है।

## जिला अस्पताल और निचली बस्ती में जल भराव से निजाद पाने रणनीति तैयार कर वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाए - ऋषि शास्त्री



राजनांदगाँव (दावा)। नगर पालिक निगम के राजीव नगर वार्ड क्रमांक 42 के युवा पार्षद ऋषि शास्त्री ने आयुक्त को बड़े नाले की सफाई चेन माउंटेन से कराई जाने तथा वार्ड सहित अस्पताल परिसर में जल भराव के संकट से निजात हेतु रणनीति तैयार कर वैकल्पिक व्यवस्था कराए जाने की मांग रखी है।

शास्त्री ने बताया कि प्रति वर्ष नगर निगम द्वारा चेन माउंटेन किराए से मंगवाया जाता था जिसका उपयोग बरसात के पूर्व बड़े नालों की सफाई के लिए इस्तेमाल में लाया जाता था वर्तमान में नगर निगम के पास स्वयं का चेन माउंटेन उपलब्ध है, जिसे उपयोग में लाया जाए ताकि बड़े नालों की युद्ध स्तर में सफाई हो सके मौसम विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार जून माह में मानसून छत्तीसगढ़ में आना संभावित है, देर न करते हुए बड़े नालों की सफाई चेन माउंटेन के माध्यम से प्रारंभ कराई जानी चाहिए।

शास्त्री ने आगे कहा कि जिला अस्पताल परिसर, राजीव नगर और इंद्रा नगर हर दफे बरसात में जल भराव के संकट से जूझते आये है जिसकी तकनीकी जांच हो जिससे जल भराव का कारण स्पष्ट हो सके साथ ही आ रही बाधा का निराकरण करते हुए वैकल्पिक उपाय भी निकालना होगा। राजीव नगर श्रमिक बस्ती है जिसके बीचो बीच शहर का सब से बडा नाला बहता है बरसात के दिनों में बड़े नाले में पानी की गति तेज और भराव के वजह से छोटी नालियां फेल हो जाती है जहां कई जुग्गी झोपड़ी और कच्चे मकान जल भराव की वजह से ध्वस्त हुए है जिन्हें आज तक कोई भी सहयोग शासन द्वारा नियमो की बाध्यता की वजह से नही मिल सका है ऐसे में प्रशासन को इस बात का पूर्वानुमान लगाकर ध्यान रखना होगा कि इन सब चीजों की पुनरावृत्ति न हो।

# आज दिग्विजय कॉलेज में साहित्यकारों की गोष्ठी एवं संस्मरण समारोह



राजनांदगांव (दावा)। आज 27 मई को कायस्थ समाज द्वारा साहित्य जगत के मनीषी, राजनांदगांव, खैरागढ़ एवं छत्तीसगढ़ के ही नहीं वरन् समूचे भारत वर्ष के साहित्याकाश के ध्रुव तारा साहित्य वाचस्पति डॉ. स्व. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी की 130वीं जयंती दिग्विजय महाविद्यालय परिसर में स्थित बख्शी सभागृह में सायं 5 बजे से उल्लेखित साहित्यकारों की गोष्ठी एवं स्व. बख्शी जी से जुड़े लोगों द्वारा संस्मरण समारोह का कार्यक्रम रखा गया है।

सायं 5 बजे त्रिवेणी परिसर में स्थापित तीन विभूतियों एवं बख्शी जी मुक्तिबोध एवं डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र की प्रतिमा में माल्यार्पण के उपरांत बख्शी सभागृह में उपरोक्त गोष्ठी, संस्मरण कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में राजनांदगांव से ठाकुर प्राचार्य दिग्विजय महाविद्यालय, डॉ. शंकर मुनिराय विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग, सुनीता खरे प्राचार्य बख्शी स्कूल, डॉ. हेमलता महोबे से.नि. व्याख्याता दिग्विजय महाविद्यालय, श्रीमती शकुन्तला दास सेवा नि.जिला न्यायाधीश एवं भूतपूर्व छात्रा, गिरीश बख्शी से.नि.रजिस्ट्रार, इंदरचंद कोठारी, दादुलाल जोशी, जयप्रकाश साव, हिमांशु याज्ञिक, अशोक चौधरी भू.पू. छात्र, अखिलेश तिवारी, डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव से.नि. प्रोफेसर एवं भूतपूर्व सचिव कायस्थ समाज, राकेश ठाकुर राजनांदगांव से एवं भिलाई-दुर्ग से डॉ. नलिनी श्रीवास्तव, डॉ. महेश चंद्र शर्मा तथा खैरागढ़ से डॉ. प्रशांत झा, डॉ. जीवन यदु राही एवं सोमनिशा खरे उपस्थित रहेंगे, कार्यक्रम में नगर की महापौर हेमा देशमुख, जनप्रतिनिधिगण एवं प्रेस क्लब एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के सम्माननीय प्रबुद्धजन संवाददाता शिरकत करेंगे।

कायस्थ समाज के समस्त चित्रांश भाई-बहनों, बुजुर्गो एवं राजनांदगांव के नागरिकों से अपील है कि सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायें एवं कार्यक्रम को सफल बनायें। यह जानकारी संरक्षक द्विजेन्द्र भोला बख्शी, अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला देबू ने प्रेस विज्ञप्ति में दी।

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइया भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com




## छिंदवाड़ा में दो पुलिस वालों की रहस्यमय मौत, बीयर पीने के बाद बिगड़ी थी तबियत

छिंदवाड़ा (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में दो पुलिस जवानों की रहस्यमय मौत हो गई है। दोनों जवानों ने शनिवार की रात बीयर का सेवन किया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

एसएएफ की आठवीं बटालियन में तैनात प्रधान आरक्षक धनीराम उईके और आरक्षक प्रेम लाल ककोडिया की शनिवार की देर रात तबियत बिगड़ी और उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में धनीराम की देर रात को मौत हो गई। जबकि, प्रेमलाल की रविवार को मौत हुई है।

बताया गया है कि धनीराम और प्रेमलाल ने शनिवार की रात को विशेष सशस्त्र बल के आठवीं बटालियन स्थित आवास में बैठकर बीयर पी थी। इसके बाद दोनों को उल्टियां होने लगी। उन्होंने खून की उल्टियां भी की। हालत बिगड़ने पर दोनों को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

इस घटना के बाद पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने घटनास्थल से बीयर की केन और ग्लास की बरामदगी की। मौके का मुआयना करने के बाद पुलिस को मामला संदिग्ध लग रहा है।

आशंका इस बात की जताई जा रही है कि दोनों ने बीयर के साथ कोई जहरीला पदार्थ खाया है और उसी के चलते उन्हें उल्टियां हुई और उनकी मौत हो गई। विशेष सशस्त्र बल की आठवीं बटालियन में पदस्थ दोनों जवानों की मौत एक अबूझ पहेली बनी हुई है। लिहाजा, पुलिस कई पहलुओं पर जांच कर रही है।

## शालीमार एक्सप्रेस हादसा, कंस्ट्रक्शन कंपनी के दो सुपरवाइजर गिरफ्तार






रायपुर (आरएनएस)। उरकुरा रेलवे फाटक के पास शालीमार एक्सप्रेस में रविवार को सुबह हुए हादसे मामले में आरपीएफ ने मेसर्स सिद्धि विनायक कंस्ट्रक्शन कंपनी बिलासपुर के दो सुपरवाइजरों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। दोनों से पूछताछ करने के लिए दो दिन का रिमांड मांगा गया। कोर्ट ने रिमांड मंजूर कर लिया। इससे पहले एफआइआर में आरोपित बनाए गए ड्रिलिंग मशीन आपरेटर राज गौंड और कैलाश पटेल को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

आरपीएफ के सूत्रों ने बताया कि रेल हादसे की जांच के दौरान बिजली कंपनी के ठेकाकर्मी ड्रिलिंग मशीन आपरेटर राज गौंड ने कंस्ट्रक्शन कंपनी के सुपरवाइजर बालाघाट (मप्र) निवासी राजशेखर यादव और गुढ़ियारी निवासी अमर रैकवार के कहने पर बिना शेड्यूल के लोकेटर ड्रिलिंग मशीन पर पुशिंग का काम करना बताया था। जेल भेजे गए दोनों आपरेटरों के पास ठेका कंपनी का अधिकार पत्र भी नहीं था। लिहाजा दोनों सुपरवाइजरों को गिरफ्तार कर कोर्ट से दो दिन का रिमांड पर लिया गया है। इनसे पूछताछ में आगे जो भी तथ्य आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई होगी। मामले में रेलवे के अधिकारियों को बचाने की पूरी कोशिश की जा रही है। दरअसल यात्रियों की सुरक्षा का जिम्मा रेलवे के अधिकारियों के हाथों में है, लेकिन रेलवे ने अपनी लापरवाही का पूरा ठीकरा बिजली कंपनी पर फोड़ने की कोशिश की है। जब अधिकारियों ने नियम-कायदा बताया तो फंसने के डर से खमतराई थाने में केस दर्ज न कराकर आरपीएफ को ही पूरा मामला सौंप दिया गया।

### कांट्रेक्टर पर सीधे कार्रवाई से बच रही आरपीएफ

आरपीएफ ने दर्ज किए गए रेलवे एक्ट की धारा 153,174 और 147 की एफआइआर में मेसर्स सिद्धि विनायक कंस्ट्रक्शन बिलासपुर के कांट्रेक्टर सुदेश राजपूत समेत सुपरवाइजरों का नाम शामिल नहीं किया है। सुपरवाइजरों की गिरफ्तारी के बाद चर्चा है कि कांट्रेक्टर पर सीधे कार्रवाई करने से आरपीएफबच रही है। बिजली कंपनी के अधिकारियों का भी रेलवे के अधिकारियों पर दबाव है।

हालांकि उरकुरा रेलवे फाटक पर अंडरग्राउंड केबलिंग का काम लापरवाही पूर्वक ठेकाकर्मियों के भरोसे करा रहे कांट्रेक्टर सुदेश राजपूत को मुख्य अभियंता (परियोजना) ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही उसकी कंपनी के पंजीयन को अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। वहीं आगामी तीन वर्ष तक कंपनी को निविदा में भाग लेने पर प्रतिबंधित किया है। साथ ही कंपनी में जमा एफडीआर की राशि भी राजसात कर ली गई है।

### यात्री सुरक्षा भगवान भरोसे

शालीमार एक्सप्रेस में रविवार को हुई दुर्घटना के बाद सवाल उठने लगे हैं कि रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा करने में पूरी तरह नाकाम है। यही कारण है कि यात्री भगवान भरोसे ट्रेन में सफर कर रहे हैं। रेलवे की संपत्ति पर कोई होल कर रहा हो और रेलवे अधिकारियों का यह कहना कि उन्हें पता नहीं था?

# राजधानी पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई और अमन गैंग के 4 शूटर को किया गिरफ्तार

## पुलिस को चकमा देने शूटर्स का कोड 'राम-राम और जय माता दी'

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ की राजधानी पुलिस ने बड़ी वारदात से पहले ही कुख्यात छत्तीसगढ़ में लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू गैंग के 4 शूटर्स को गिरफ्तार किया है। इस गैंग का एक सदस्य जो इंदौर से पिस्टल लेकर रायपुर पहुंचा था, उसने उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद इस गोलीकांड को अंजाम देने रायपुर पहुंचा था। वहीं शातिर शूटर्स ने बकायदा पुलिस को चकमा देने के राम-राम और जय माता दी जैसे देवी-देवताओं के नाम पर ही कोडवर्ड बना रखे थे। लेकिन ये शातिर शूटर्स अपने टारगेट को मार गिराते, उससे पहले ही राजधानी पुलिस ने तीन शूटर को रायपुर और एक को राजस्थान से गिरफ्तार किया है।

रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा और एसएसपी संतोष सिंह ने आज इस मामले का खुलासा किया गया। बताया जा रहा है कि पुलिस को विश्वसनीय सूत्रों और इंटेलीजेन्स इनपुट के आधार पर कुख्यात अंतर्राष्ट्रीय गैंग के कुछ सदस्यों की रायपुर में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिये मूव्हमेंट की जानकारी मिली थी। इस इनपुट के बाद आईजी अमरेश मिश्रा और एसएसपी संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में रायपुर पुलिस और आसूचना एजेंसी के द्वारा 72 घंटे का गोपनीय ऑपरेशन प्लान कर 03 आरोपियों को छत्तीसगढ़ और 01 आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि इन शूटर्स की गिरफ्तारी से पूछताछ के बाद पता चला कि योजना के मुताबिक मयंक सिंह जो मौजूदा वक्त में झारखण्ड के अमन साहू गैंग को संचालित करता है। उसने बोकारो निवासी रोहित स्वर्णकार को पहले पिस्टल की व्यवस्था के लिए मध्य-प्रदेश के इंदौर शहर भेजा गया।



इंदौर के सेंधवा से अपने संपर्क के माध्यम से 1 पिस्टल और 1 मैग्जीन उपलब्ध कराया गया, रोहित को पिस्टल लेकर रायपुर पहुंचने के लिये निर्देशित किया था। मयंक सिंह द्वारा राजस्थान के जिला पाली के ग्राम सारन में बैठे पप्पू सिंह को वारदात को अंजाम देने के लिये एक बाईक राईडर की व्यवस्था करने के लिए कहा गया। पप्पू सिंह ने सारन निवासी मुकेश कुमार भाट और देवेन्द्र सिंह को वारदात के वक्त बाईक राईडिंग के लिये रायपुर रवाना किया गया। रोहित स्वर्णकार इंदौर के सेंधवा से पिस्टल लेकर उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर ट्रेन से रायपुर पहुंचा था। उधर मुकेश और देवेन्द्र सड़क मार्ग से बस के माध्यम से रायपुर पहुंचे। प्लानिंग के मुताबिक रायपुर पुलिस के जवान इन्हें चिन्हित करने हेतु सादे लिबास में शहर के संभावित स्थलों पर तैनात किये गये। सादे लिबास में पेट्रोलिंग की अलग टीम तैनात की गई।

सतत् मॉनिटरिंग के दौरान 72 घंटे के इस गोपनीय ऑपरेशन में 1 आरोपी रोहित स्वर्णकार को गंज थाना क्षेत्र में चिन्हित कर उसकी गतिविधि मॉनिटर की गई और संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर उसे लिफ्ट किया गया। जिसके कब्जे से 1 पिस्टल और 1 मैग्जीन बरामद किया गया है। इसके साथ ही भाठगांव चौक में सादे लिबास में मौजूद टीम ने 2 संदिग्ध व्यक्तियों को पाईंट आउट किया और उनकी गतिविधियों पर निगाह रख उन्हें लिफ्ट कर कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने राजस्थान से पप्पू सिंह द्वारा यहां फायरिंग के दौरान बाईक राईडिंग करने के लिये भेजना बताया और शूटर को झारखण्ड से आना बताया गया। पुलिस कस्टडी में लिये गये तीनों आरोपियों ने पूछताछ में पूरी योजना को मयंक सिंह जो कि झारखण्ड के अमन साहू गैंग को वर्तमान में संचालित कर रहा है, के द्वारा राजस्थान के जिला पाली निवासी पप्पू सिंह के साथ मिलकर बनाये जाने की जानकारी दी गयी।

गैंग के मोडस में शूटर और राईडर को एक-दूसरे से अपनी पहचान छिपाने और किसी भी तकनीक के संपर्क में न रहने और अपने-अपने माध्यमों से एप के माध्यम से नेट कॉलिंग से ही संपर्क में रहने की हिदायत गयी थी। इसके साथ ही किसी भी विपरित परिस्थिति या पुलिस की गिरफ्त की स्थिति में अलग-अलग कोड वर्ड तय किये गये थे। मयंक ने रोहित को 29-29 कोड यूज करने के साथ ही पप्पू ने मुकेश को राम-राम और जय माता दी कोड यूज करने निर्देशित किया गया था। टॉरगेट रायपुर पहुंचने पर ही उपर से बताया जाना तय किया गया था। गोली व बाईक की व्यवस्था मयंक द्वारा कराया जाता। पूछताछ में हुए इस खुलासे के बाद तकनीकी समीक्षा पर आरोपी पप्पू सिंह का पाली सारन में रहकर गैंग को निर्देशित करने के तथ्य सामने आने पर पहले से ही दिल्ली में मौजूद रायपुर पुलिस की एक टीम को तत्काल राजस्थान के जिला पाली रवाना किया गया।

वहां पर आर्गेजनाईशल सपोर्ट से पाली के सारन गांव में पप्पू सिंह को बिना भनक लगे पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। आरोपियों ने पूछताछ में मयंक सिंह के द्वारा मलेशिया से इस योजना को ऑपरेट करना बताया गया है। राजस्थान, झारखण्ड और छत्तीसगढ़ की पुलिस व अन्य संस्थायें लगातार संपर्क में रहकर आरोपियों से टॉरगेट के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रहीं है। पुलिस की गिरफ्त में आये शूटर्स और उनके सहयोगियों के खिलाफ थाना गंज में अपराध दर्ज कर रखा गया है। पुलिस ने इन आरोपियों का रिमाण्ड प्राप्त कर इस संगठित अपराधिक गिरोह के सदस्यों को पाईंट आउट करने और पूरी प्लानिंग की जानकारी प्राप्त करने के प्रयास किये जा रहे है।

## जमीन घोटाला मामले में फरार कांग्रेस नेता आसिफ मेमन गिरफ्तार, कोर्ट ने जारी किया था वारंट

रायपुर। राजधानी रायपुर में फरार कांग्रेस नेता आसिफ मेमन गिरफ्तार कर लिया गया है। जमीन घोटाला मामले में दर्ज एफआईआर में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोवा स्थित बुजुर्ग की तीन करोड़ से ज्यादा कीमत की जमीन का फर्जीवाड़ा कर अपने नाम रजिस्ट्री कराने के आरोप में पुलिस ने एफआइआर दर्ज की थी। आरोपित नेता आसिफ मेमन साल 2021 से फरार था। आफिस मेमन पूर्व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके हैं। पेशी पर नहीं जाने के कारण कोर्ट ने स्थाई वारंट जारी किया था। साइबर सेल और सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है।




### यह है पूरा मामला

मिली जानकारी के अनुसार ई-68, ऐश्वर्या किंग्डम कचना रोड निवासी नूर बेगम (56) की मोवा में 0.704 हेक्टेयर जमीन है। इस जमीन को खरीदने का सौदा राजा तालाब निवासी युवा कांग्रेस के पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष एसडी आसिफ मेमन ने परिचित नूर बेगम से वर्ष 2018 में तीन करोड़ नौ लाख 76 हजार रुपये में तय किया।

26 जून 2018 को जमीन की रजिस्ट्री कराते समय आरोपित ने सौदे के मुताबिक तयशुदा रकम का सात चेक नूर बेगम को दिया था। बैंक में जमा करने पर सातों चेक एक-एक करके बाउंस होते गए। पीड़िता ने इसकी जानकारी देते हुए आसिफ से पूरे पैसे की मांग की तो उसने देने से साफ इन्कार कर दिया।

परेशान होकर नूर बेगम न्यायालय में परिवाद पत्र दायर किया। इस बीच न्यायालय के आदेश पर ही सिविल लाइन थाना पुलिस ने आसिफ के खिलाफ धोखाधड़ी का केस तो दर्ज कर लिया। लेकिन गिरफ्तारी नहीं की। पिछले दो साल से वह पुलिस की फाइल में फरारी काट रहा था। उसके खिलाफ न्यायालय ने स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

## बारूद फैक्ट्री में विस्फोट में हताहतों का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

बेमेतरा (आरएनएस)। जिले के बारूद फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है. अब तक लापता लोगों की कोई सुराग नहीं मिला है. घटना के दूसरे दिन महिलाएं टेंट लगाकर फैक्ट्री के बाहर बैठी हैं. वहीं रेस्क्यू टीम मालवा को हटाने में जुटी है. मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अमला मौजूद हैं.

फैक्ट्री के बाहर हजारों की संख्या में आसपास के ग्रामीण पहुंचे हैं. बतौर यहां पर पूरी व्यवस्था के साथ टेंट माइक पानी खाना लेकर पहुंचे हुए हैं.बता दें कि शनिवार को बारूद फैक्ट्री में भीषण विस्फोट की चपेट में कई मजदूर आए हैं. कई लोगों की मलबे में दबकर मौत होने की खबर है, क्योंकि लापता हैं. घटना के बाद देर रात से ग्रामीण धरने पर बैठे हैं. वहीं प्रशासन जवाब देने में नाकामयाब है.

## ब्रह्माकुमारी द्वारा आयोजित संस्कारों की पाठशाला शिविर का रंगारंग समापन

राजनांदगांव(दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदान भवन लालबाग द्वारा 20 मई से 26 मई तक आयोजित शिविर संस्कारों की पाठशाला का रविवार को रंगारंग समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना इतनी शक्ति हमें देना दाता... गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी जी ने शिविर में भाग लेने वाले सभी बच्चों को बधाई दी तथा कहा कि बच्चे मन के सच्चे होते है उन्हें बचपन में जो सिखाया जाए उन्हें वे तत्काल सीख लेते है इसलिए बच्चों को सदा अच्छी बातें ही सिखाना चाहिए।



इसी उद्देश्य से संस्कारों की पाठशाला शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छुरिया विकासखंड के शिक्षा अधिकारी भ्राता प्रशांत चिर्वतकर ने ब्रह्माकुमारी द्वारा आयोजित इस शिविर की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों के बौद्धिक मानसिक एवं आध्यात्मिक व्यक्तित्व का विकास होता है जिससे बच्चे गुणवान बनते है। विशेष अतिथि सहायक जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा भ्राता परसराम झाड़े भी इस कार्यक्रम के प्रति अपनी शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व उपस्थित अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर एवं गुलदस्ता भेंटकर किया गया। कुमारी आराध्या ने बहुत सुंदर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया एवं कुमारी नेहल ने गुरुवंदना प्रस्तुत किया। बच्चों के द्वारा शिविर में सिखाए गए बातों पर आधारित बहुत सुंदर लघु नाटिका प्रस्तुत किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने बहुत सुंदर प्रदर्शन किया।

शिविर में कराए गए विभिन्न खेलों में विजेता बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। शिविर में कक्षा पहली से बारहवीं तक भाग लेने वाले सभी 120 छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी प्रभा बहनजी व आभार प्रदर्शन ब्रह्माकुमार द्वारिका भाई ने किया। इस अवसर पर बच्चों के साथ साथ उनके अभिभावकगण भी उपस्थित थे।

## चौकी चिखली पुलिस ने गुंडे बदमाशों के खिलाफ की कार्यवाही







राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने गुंडे बदमाशों सहित अवैध शराब बेचने वाले व खुले में शराब सेवन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसके अलावा बिना नंबर, बिना दस्तावेज वाहन चलाने वाले व नाबालिग वाहन चालक को पकड़ कर उन्हें व उनके परिजन को समझाइश दी गई है। इसी तरह आदतन बदमाशो पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। बताया जाता है कि गत 25 मई शनिवार को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में अवैध शराब बिक्री और गुंडा, बदमाश के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु मोटर सायकल पेट्रोलिंग, रक्षित केंद्र विशेष बल के साथ संयुक्त पार्टी द्वारा फ्लैग मार्च कर अंदरूनी, सुनसान अड्डेबाजी क्षेत्र में घेराबंदी कर असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही किया गया, जिसके तहत अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी ओमप्रकाश ठाकुर पिता फेरूराम ठाकुर उम्र 42 साल निवासी गौरीनगर वार्ड नं. 14 का कब्जे से 18 पौवा डिल्कस व्हीस्की शराब कीमती 2340 रूपये एवं बिक्री रकम 250 रूपये को पकड़कर जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1)आबकारी अधिनियम के तहत् कार्यवाही किया गया।

इसी प्रकार आम जगह खुले मैदान पर शराब पीने वाले आरोपी राजकुमार पिता देवदास भासगौरी उम्र 35 साल निवासी वार्ड नं. 45 रामकृष्ण वार्ड थाना बसंतपुर, साकेत रामटेके पिता ओमप्रकाश रामटेके उम्र 33 साल निवासी आंबेडकर गली स्टेशनपारा वार्ड नं.12 के विरूद्ध धारा 36(च) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया एवं अभियान दौरान बेवजह घूमने, वाले वाहन को रोक कर चेक किया गया और बिना कागजात, बिना नंबर वाहन चालक पर मोटर व्हीकल एक्ट तहत कार्यवाही किया गया। नाबालिग वाहन चालक के वाहन चौकी में खड़ी कर, बाद पालक को थाना तलब कर, पुनः वाहन चलाने देने पर कार्यवाही संबंध में समझाईश दिया गया।

अभियान में 26 मई को आदतन बदमाश शुभम यादव पिता रेखु यादव उम्र 22 साल निवासी रमन बाजार चिखली द्वारा अपने ससुराल वालो को सार्वजनिक स्थान पर महिला से लड़ाई विवाद करने पर संघेय अपराध होने की प्रबल आशंका पर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रतिबन्धक धारा 151 जा.फौ. के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल भेजा गया।

उपरोक्त कार्यवाही में चौकी चिखली प्रभारी नरेश कुमार बंजारे, सउनि इब्राहिम खान, प्रधान आरक्षक अरुण नेताम, समारूराम सर्पा, आरक्षक राजकुमार, सिन्धु सिन्हा, मिर्जा असलम, कमल साहू, महिला आरक्षक कौशल्या साहू, गायत्री साहू और बाइक पेट्रोलिंग पार्टी सऊनि साहू व टीम, रक्षित केंद्र विशेष बल का कार्य महत्वपूर्ण एवं सराहनीय रहा।

## मोर छइंहा भुइयां-2 को देखने उमड़ी दर्शकों की भीड़

राजनांदगांव (दावा)। शहर के श्री कृष्णा टाकिज में लगी छत्तीसगढ़ी फिल्म मोर छइंहा भुईयां-2 को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी हुई है। आलम यह है कि फिल्म छूटने के समय सिनेमा लाइन में जाम की स्थिति बन रही है। 4 खेलों में चल रहे इस फिल्म के छूटने के समय सिनेमा लाइन से लेकर मानव मंदिर चौक व जय स्तंभ चौक तक तथा इधर सिनेमा लाइन में आजाद चौक हलवाई लाइन वह भारत माता चौक सहित गंज लाइन तिरंगा चौक तक भीड़ के कारण यातायात जाम हो जा रहा है। इस बीच कोई यातायात सिपाही नजर नहीं आ रहा।




बता दें कि शहर के श्री कृष्णा टाकिज में स्थानीय कलाकार मन कुरैशी, व दीक्षा जायसवाल सहित दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह आदि अभिनित छत्तीसगढ़ी फिल्म मोर छइंहा भुइया-2 लगी हुई है। सतीश जैन कृत यह फिल्म 24 साल बाद अपने दूसरे सिक्वेंस में आई है जिसे देखने के लिए दर्शकों का तांता लगा हुआ है।

24 साल पहले आई यह फिल्म खूब चली थी। इसके गीत भी काफी हिट रहे। श्री कृष्णा टाकिज में लगी इस फिल्म को सिल्वर स्क्रीन पर देखने के लिए फिल्म की एक्ट्रेस एल्सा घोष व कमलेश नागेश आए हुए थे। फिल्म के साथ-साथ इन कलाकारों को देखने लोग टूट पड़े थे। श्री कृष्णा टाकिज में 4 खेलों में चल रही मोर छंइहा भुइयां-2 फिल्म लोगों को काफी पसंद आ रहा है।

## आरएसएस का आवासीय प्रशिक्षण वर्ग....




राजनांदगांव ( दावा )। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मातृशक्तियों के मध्य का संगठन राष्ट्र सेविका समिति के 20 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग के समापन के उपरांत 3 नन्ही सेविकाओं संग लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय।

## मुख्यमंत्री ने नईदिल्ली में नवजात शिशुओं के निधन पर शोक जताया

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली के विवेक विहार के अस्पताल में नवजात शिशुओं के निधन पर शोक जताया है. उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि नई दिल्ली के विवेक विहार स्थित अस्पताल में लगी आग से नवजात शिशुओं के निधन की खबर से मन अत्यंत दुखी है. सीएम साय ने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत शिशुओं की आत्मा को शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करें. हादसे में घायल शिशु भी जल्द से जल्द स्वस्थ हों, इसकी कामना है. शांति.

## अमलेश्वर में पंडित प्रदीप मिश्रा सुनाएंगे शिवपुराण कथा

दुर्ग (दावा)। मशहूर कथावाचक सिहोर वाले पंडित प्रदीप मिश्रा इन दिनों छत्तीसगढ़ में हैं। दुर्ग के अमलेश्वर में शिवपुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों लगभग पूरी हो चुकी है। गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं के पीने के लिए पानी कई जगहों पर शावर सिस्टम भी लगाए जा रहे है। कार्यक्रम स्थल पंडाल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को देखते हुये डॉक्टरों की टीम भी सभा स्थल में मौजूद रहेगी। 26 मई से 2 जून तक अमलेश्वर जिला दुर्ग में पंडित प्रदीप मिश्रा का शिव महापुराण कथा आयोजन होना है। कथा स्थल थाना अमलेश्वर के सामने मुख्य मार्ग से लगा हुआ है। इसे देखते हुए दुर्ग पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है।



सामान्य दिनों में इस मार्ग मे यातायात सामान्य रहता है, लेकिन शिव महापुराण कथा के दौरान लाखों की भीड़ को देखते हुये यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा श्रद्धालुओं के सुगमता व सुरक्षित यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए दुर्ग, भिलाई, रायपुर शहर की ओर से कथा स्थल तक आने-जाने के लिए निम्नानुसार मार्ग, पार्किंग एवं डायवर्शन प्लान तैयार किया गया है.

रुट/पार्किंग टाटीबंध/कुम्हारी की ओर से आने वाले वाहन चालक टाटीबंध कुम्हारी कैवालय धाम परसदा मगरघटा भोथली आम बगीचा (पार्किंग) कथा स्थल (पैदल) सिरसा गेट/भिलाई 03 की ओर से आने वाले वाहन चालक सिरसा गेट चौक सिरसा कला नारधी औरी अमलीडीह मोतीपुर ग्रीन अर्थ सिटी के सामने (पार्किंग)/आमबगीचा (पार्किंग ) कथा स्थल (पैदल ) पाटन की ओर से आने वाले वाहन चालक पाटन तुलसी खुडमुड़ी सिकोला झीट कोपेडीह अमलेश्वर डीह (पार्किंग) कथा स्थल (पैदल) भाटागांव (रायपुर)की ओर से आने वाले वाहन चालक भाटागांव चौक काठाडीह मार्ग खुडमुड़ा पुल ग्राम उफरा (पार्किंग) कथा स्थल (पैदल) रायपुर चौक की ओर से आने वाले वाहन चालक रायपुरा चौक महादेव घाट तिराहा महादेव घाट/विसर्जन कुंड/लक्मण झूला (पार्किंग) कथा स्थल (पैदल) रायपुर चौक एवं मोतीपुर की ओर से आने वाले दो पहिया वाहन चालक वुड आई लैंड कालोनी से होकर भोजनालय के सामने बाईक पार्किंग मे वाहन खड़ा करेंगे।

खुड़मुड़ा की ओर से आने वाले दो पहिया वाहन चालक भोजनालय के सामने बाईक पार्किंग मे वाहन खड़ा करेंगे। पासधारी वाहन अपने वाहन कथा स्थल मंच के पीछे पार्किंग मे वाहन खड़ा करेंगे। पासधारी वाहन अपने वाहन आत्मानंद स्कूल ग्राउंड पार्किंग मे वाहन खड़ा करेंगे :- डायवर्शन मार्ग मोतीपुर से रायपुर आने जाने के लिए मार्ग मोतीपुर खमरिया कुरुदडीह उरला अंडर ब्रिज कुम्हारी रॉयल खालसा कटिंग टोल प्लाजा कुम्हारी रायपुर पाटन से रायपुर आने जाने के लिए मार्गद्व पाटन तुलसी जीट महूदा खुडमुड़ी खुडमुड़ी पुल रायपुर (भाटागांव ) अपील श्रद्धालुओं से अपील है कि असुविधा से बचने हेतु कथा स्थल अमलेश्वर आने-जाने के लिए उपरोक्त मार्गो का उपयोग करें। समस्त स्रोतागण से यातायात पुलिस दुर्ग की अपील है कथा सुनने आने के लिए मालवाहक वाहन में यात्रा ना करे ! नोटः- शिवमहापुराण कथा के दौरान इस सम्पूर्ण क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा !

## फेकल्टी में सुविधाओं की कमी, मेडिकल कॉलेज पर लगा 5 लाख का जुर्माना



रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में फैकल्टी और विभिन्न सुविधाओं की कमी के कारण राजधानी के पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। नेशनल मेडिकल कमीशन ने इन्हीं मामलों में प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेज जैसे बिलासपुर, कोरबा पर भी जुर्माना लगाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, मेडिकल कॉलेज रायपुर में कई विभागों में फैकल्टी, रेसीडेंट व ट्यूटर की कमी है। इसके अलावा भी कई बिंदुओं पर कमियां पाई। इसे लेकर एनएमसी ने पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज पर सख्त कार्रवाई की। इस मामले में कॉलेज प्रबंधन ने चिकित्सा शिक्षा संचालनालय को एनएमसी की रिपोर्ट के आधार पर जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराए हैं। संचालनालय द्वारा एनएससी को पत्र लिखकर कहा है कि, जल्द कमियां दूर कर ली जाएंगी।

## अनमोल दावा

> अगर धर्म की रक्षा के लिए कोई भी प्राण या कोई भी वचन तोड़ना पड़े तो, वह अधर्म नहीं माना जाता...

## सम्पादकीय

# प्रतिवर्ष दुनियाभर में होने वाली हर आठ मौत में से एक का कारण जीवाणु संक्रमण, चिंता करने की जरूरत

जिस तरह जलवायु परिवर्तन के खतरे बढ़ रहे हैं, उनका सबसे अधिक असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। नए-नए किस्म के जीवाणु पैदा हो रहे हैं और अगर समय रहते उन पर काबू न पाया जाए, तो वे जानलेवा साबित होते हैं।

हमारे जीवन में बहुत सारी बीमारियां स्वच्छता संबंधी आदतें न अपनाने और जीवाणु-रोधी उपायों पर गंभीरता से ध्यान न दे पाने की वजह से पैदा हो रही हैं। लांसेट पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि अगर ठीक से संक्रमण रोकने संबंधी उपाय किए जाएं तो निम्न-मध्यम आय वाले देशों में करीब साढ़े सात लाख जान बचाई जा सकती है।

इन उपायों में हाथों की सफाई, अस्पतालों और स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में नियमित रूप से साफ-सफाई, उपकरणों का रोगाणुनाशन, पीने के लिए स्वच्छ जल मुहैया कराना, सही तरीके से साफ-सफाई रखना और बच्चों को सही समय पर टीके लगवाना शामिल है। अनुसंधानकर्ताओं के अंतरराष्ट्रीय दल ने अनुमान लगाया कि हर वर्ष दुनियाभर में होने वाली हर आठ मौत में से एक का कारण जीवाणु संक्रमण होता है।

अनुसंधानकर्ताओं ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध की स्थिति से प्रभावी तौर पर निपटने के लिए लोगों की एंटीबायोटिक तक आसान पहुंच मुहैया कराने का आह्वान किया है। अगर ऐसा न किया गया तो बच्चों को बचाने और उन्हें लंबे समय तक स्वास्थ्य रखने के संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने में मुश्किलें बनी रहेंगी। गर्भवती महिलाओं और बच्चों को नियमित टीके लगाकर करीब 1.82 लाख लोगों की जान बचाई जा सकती है। यह कोई कठिन काम नहीं है, मगर अफसोस कि एक बड़ी आबादी इन सुविधाओं से वंचित है।

जिस तरह जलवायु परिवर्तन के खतरे बढ़ रहे हैं, उनका सबसे अधिक असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। नए-नए किस्म के जीवाणु पैदा हो रहे हैं और अगर समय रहते उन पर काबू न पाया जाए, तो वे जानलेवा साबित होते हैं। हालांकि अनेक संक्रामक रोगों पर काबू पाने के मकसद से गर्भवती महिलाओं और बच्चे के पैदा होने के बाद से ही टीके लगाए जाने शुरू हो जाते हैं। मगर इसमें भी बहुत सारे लोग अनजाने में या स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच न हो पाने के कारण लापरवाही बरतते देखे जाते हैं।

पोलियो इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जिसमें वर्षों से पोलियो की खुराक दी जाने के बावजूद देश अभी तक पूरी तरह पोलियोमुक्त नहीं हो पाया है। मलेरिया, हेपेटाइटिस, जापानी बुखार जैसी बीमारियां जब-तब सिर उठा लेती और जानलेवा साबित होती हैं। इस सच्चाई से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि हमारे देश की एक बड़ी आबादी प्रदूषित वातावरण में रहने और काम करने को मजबूर है। एक बड़ी आबादी आज भी पीने के साफ पानी से महरूम है। ऐसे में संक्रामक बीमारियों पर काबू पाना कठिन बना हुआ है।

दूसरी बड़ी समस्या तमाम दावों और वादों के बावजूद सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को संतोषजनक न बनाया जा सकना है। इसलिए एंटीबायोटिक दवाओं की उपलब्धता सभी तक संभव नहीं हो पाती। महानगरों में फिर भी कुछ बेहतर स्थिति देखी जा सकती है, पर ग्रामीण इलाकों के बहुत सारे लोग स्वच्छता उपायों के मामले में वंचित ही देखे जाते हैं।

बड़ी आबादी को पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं है, इसलिए नहाने-धोने, साफ-सफाई के मामले में लापरवाह देखे जाते हैं। उन इलाकों में जब संक्रामक रोग फैलते हैं, तो संभालना मुश्किल हो जाता है। यह अकारण नहीं है कि संक्रामक रोगों से ज्यादातर शिशु मृत्यु ऐसे ही इलाकों में होती है, जहां स्वच्छता की कमी है। लांसेट के ताजा अध्ययन पर सरकारें कितनी गंभीरता से ध्यान देंगी, देखने की बात है।

# विलुप्त हुआ 'पहाड़ों का गहना' जंगल में एक गुप्त जगह पर फिर लौटा

**जॉर्जियाना रन्नार्ड**

जंगलों में विलुप्त हो चुके एक पौधे को अब एक बार फिर युनाइटेड किंगडम में लगाया गया है. इस पौधे की सुरक्षा के लिए हम ये नहीं बता सकते कि इसे किस जगह लगाया गया है.

देखने में ये सिर्फ एक छोटा पौधा है, लेकिन ब्रिटेन में ख़तरे में बनी हुई छह प्रजाति में से ये एक है और आपको कहीं न कहीं इसे बचाने की शुरुआत करनी होगी.जिस वक्त जानेमाने हॉर्टिकल्चरिस्ट (बागवानी विशेषज्ञ) रॉबी ब्लैकहॉल-माइल्स ने इस पौधे को इसकी मूल भूमि को वापस लौटाया, उस वक्त हम वहीं थे.रॉबी से मेरी पहली मुलाक़ात उनके लुप्तप्राय होने वाले पौधों के लिए बनी नर्सरी में हुई थी. उनकी नर्सरी उत्तरी वेल्स के एक शांत हिस्से में स्थित थी. वो मुझसे कहते हैं कि इस बारे में कितना बताना है इसे लेकर मैं सावधान रहूं क्योंकि इस तरह के दुर्लभ और ख़ास पौधों के लिए अभी भी एक आकर्षक बाजार है. इन पौधों को अक्सर हज़ारों पाउंड के बदले अवैध रूप से बेचा जाता है.एक गमले की तरफ इशारा करते हुए वो कहते हैं, ÷दुनिया में उनमें से केवल 30 पेड़ ही बचे हैं.हमारे चारों ओर पौधों की ट्रे, फर्श पर मिट्टी के थैले और थैलों में नए उगते और फलते-फूलते पौधे हैं. इन पौधों के लिए तापमान बहुत गर्म, बहुत ठंडा या वातावरण बहुत सूखा न हो, इसकी जांच के लिए छत पर थर्मामीटर लटकाए गए हैं.रॉबी लंबे कद के व्यक्ति हैं जो एथलीट की तरह दिखते हैं. वो बेहद उत्साह से बात करते हैं.जब मैंने इस रिपोर्ट पर रिसर्च का काम शुरू किया तो बॉटेनिकल सोसाइटी के दस्तावेज़ों में रॉबी का नाम बार-बार उभर रहा था. ब्रिटेन में ऐसे बहुत कम लोग हैं जो पौधों के बारे में इतनी जानकारी रखते हैं.रॉबी जब छोटे थे तो वो जानवरों को बचाना चाहते थे. कुछ वक्त उन्होंने मॉडलिंग भी की. बाद में उनका झुकाव बॉटनी यानी पेड़ पौधों से जुड़े विज्ञान की तरफ हुआ. अब वो संरक्षण के काम में लगी एक चैरिटी, प्लांटलाइफ़ के लिए काम कर रहे हैं.वो कहते हैं, ÷अगर आप ब्रिटेन में जैव विविधता के बारे में एक पहेली की तरह सोचते हैं, तो इसके सभी टुकड़े वास्तव में महत्वपूर्ण हैं, लेकिन कुछ टुकड़े गायब हैं.



नेशनल ट्रस्ट और नेचुरल रिसोर्स वेल्स के साथ काम करते हुए उनका लक्ष्य कुछ हद तक जैव विविधता को बहाल करने में मदद कहना और एरीरी या स्नोडोनिया में विलुप्त हो चुके रोज़ी सैक्सिफ्रेज नाम के एक पौधे को वापस उगाना है. इस पौधे को वो पहाड़ों का गहना कहते हैं.

ब्रिटेन के जंगलों में आख़िरी बार रोज़ी सैक्सिफ्रेज को साल 1962 में देखा गया था. उस समय ये पौधा एरीरी में किम आइडवाल नेचर रिज़र्व में देखा गया था.मैं उस जगह को देखना चाहता था. रॉबी और नेशनल ट्रस्ट के रेंजर राइस वेल्डन-रॉबर्ट्स मुझे और मेरे सहयोगी को किम आइडवाल लेकर गए, झील के चारों ओर घुमावदार रास्तों पर चलकर हम टिल डू नाम की जगह पर पहुंचे. इस जगह को अंग्रेजी में अशुभ रूप में डेविल्स किचन यानी शैतान की रसोई कहा जाता है.रास्ते में चलते हुए रॉबी हर कुछ कदम पर रुककर उन दुर्लभ पौधों की तरफ इशारा करते जो जिंदा रहने में कामयाब रहे थे.ये संयोग की बात थी कि मैं इन रास्तों पर पहले भी चल चुकी थी. हालांकि इन पहाड़ों पर पत्थरों के बीच बनी दरारों पर चढ़ने के लिए संघर्ष करते वक्त मुझे उन चट्टानों के नीचे फैल रहे पौधों की क़ीमती प्रजातियों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी.

रॉबी ब्लैकहॉल-माइल्स ने इन पौधों को बचाए रखने के लिए 10 साल काम किया है. रोज़ी सैक्सिफ्रेज का नाम विलुप्त हो चुके पौधों की लिस्ट में रखा गया है, लेकिन कुशल पर्वतारोही रॉबी ने फिर एक बार इसकी पड़लात की.पहाड़ी की सीधी चट्टानों की ओर इशारा करते हुए वो कहते हैं, ÷मैं छह साल तक गर्मियों के दिनों में वहां रस्सियों के सहारे जाकर इस बात की जांच करता रहा हूं कि कहीं हम ग़लत तो नहीं.वो कहते हैं, रोज़ी सैक्सिफ्रेज ब्रिटेन का उतना ही मूल निवासी है जितना आप सोच सकते हैं.÷ये उन पहाड़ी पौधों के परिवार का हिस्सा है जो हिम युग के दौरान उत्तरी ब्रिटेन के जम जाने पर भी पनपे थे. फिर जब ग्लेशियर पिघले तो रोज़ी सैक्सिफ्रेज उस वतावरण में भी पनपते रहे. लेकिन बेहद नाज़ुक दिखने और अपने सुंदर फूलों के कारण पौधे इकट्ठा करने वालों का ध्यान इस पौधे की तरफ गया. विक्टोरियन्स ख़ासकर इस पौधे को अपने निजी कलेक्शन के लिए चुना करते थे.चारागाहों का ख़राब प्रबंधन भी एरीरी में इस पौधे की कम होती गई संख्या के लिए ज़िम्मेदार था.इसकी संख्या तेज़ी से कम होती गई और फिर वो वक्त भी आया जब यूके की मुख्यभूमि से ये ग़ायब हो गया.

इस कहानी की अगला हिस्सा एक लोक कथा जैसा है. 1962 में डिक रॉबर्ट्स नाम के एक टीचर और कंज़र्वेशनिस्ट एक स्कूल ट्रिप पर किम आइडवाल आए हुए थे.उन्होंने रास्ते में बहकर आया एक पौधा उठा लिया और अपनी जेब में रख लिया. उन्हें उस वक्त ये नहीं यह पता नहीं था कि यह कौन-सा पौधा है. वो इस पौधे को घर ले गए और इसे अपने बगीचे में लगा दिया.आज के दौर में पूरे ब्रिटेन की मुख्यभूमि में मिलने वाले रोज़ी सैक्सिफ्रेज की असल जड़ें इसी छोटे पौधे से जुड़ी हैं. इस एक पौधे ने भविष्य की पीढ़ियों के लिए पौधों की एक पूरी प्रजाति को बचाया.

लगभग एक दशक पहले रॉबी को देखभाल के लिए इस पौधे का एक टुकड़ा यानी एक कटिंग दी गई थी.रॉबी कहते हैं, मैं खुद को खुशनसीब समझता हूं कि मुझे डिक रॉबर्ट्स की विरासत के हिस्से के साथ काम करने का मौक़ा मिला.

किसी ऐसी प्रजाति को बचाए रखना मुश्किल होता है जो मूल प्रजातियों के आनुवंशिक वंशज के साथ हो.अधिकांश मामलों में संबंधित प्रजातियों का ही इस्तेमाल किया जाता है. उदाहरण के तौर पर-ब्रिटेन में बीवर की प्रजाति को वापिस लाने के के लिए यूरोपीयन बीवर का इस्तेमाल किया गया था.

पौधे के अपने हाथों में लिए रॉबी कहते हैं, ÷यह उस मूल वेल्श पौधे की कटिंग की कटिंग की कटिंग से लिया गया है.

डिक रॉबर्ट्स के एरीरी में आने के बाद के दशकों में, ब्रिटेन में प्रकृति में नाटकीय रूप से बदलाव आया.छह में से एक प्रजाति के विलुप्त होने का ख़तरा है. बीते 30-40 सालों में 19 फ़ीसदी ऐसी प्रजातियों को हमने खो दिया है जिन्हें निगरानी में रखा गया था. इससे ब्रिटेन धरती के सबसे अधिक नेचर-डिप्लीटेड देशों में से एक बन गया है.

मैंने बांगोर विश्वविद्यालय में कंज़र्वेशन की प्रोफ़ेसर जूलिया जोन्स को किम आइडवाल आमंत्रित किया. मैं उनसे पूछना चाहती थी कि इस एक छोटे से पौधे को इकोसिस्टम में वापस लाने से कितना अंतर आ सकता है.सच ये है कि कंज़र्वेशन बेहद जटिल काम है और अकेले ये पौधा यूके की प्रकृति को नहीं बदल सकता. इसके लिए और काम की ज़रूरत है जिसमें जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और इंसान के लिए ज़मीन के बढ़ते इस्तेमाल से पौधों के उगने की जगह को बचाना शामिल है.

हालांकि प्रोफ़ेसर जोन्स का कहना है कि इस पौधे को फिर से वापस लाना एक संकेत है कि हमें और काम करने की ज़रूरत है और ये याद दिलाता है कि हमने कितना कुछ खोया है.

पौधों को वापस प्रकृति में लाने के काम को कम ही तवज्जो मिलती है, अधिकांश काम जानवरों को वापस लाने में चला जाता है. यूके में इसका सबसे जानामाना उदाहरण बीवर या व्हाइट टेल्ड सी-ईगल है, जो आम तौर पर लोगों को पौधों की तुलना में अधिक उत्साहित करता है. कुछ वैज्ञानिक पेड़ पौधों के प्रति इंसान के अंधेपन की बात करते हैं. वो कहते हैं कि लोग अपने आस-पास के पौधों को महत्वपूर्ण जीवों के रूप में नहीं देखते, बल्कि हमारे इको सिस्टम में दवाओं के लिए में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बावजूद वो इन्हें बस वॉलपेपर के रूप में देखना चाहते हैं.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम -158 : राजा दशरथ मार्गदर्शन के लिए पहुंचे गुरु आश्रम में

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



रानी सुमित्रा ने कहा, आप कुमार राम को युवराज बना दें और अपने संरक्षण तथा मार्गदर्शन में उन्हें राजकीय कार्यों का निकट से अनुभव प्राप्त करने में उनकी सहायता करें। जब वे इसमें पर्याप्त दक्ष हो जाएंगे तो समय आने पर आप उन्हें राजा बना दें। रानी कौशल्या और रानी कैकेई ने भी इस सुझाव का समर्थन किया।

राजा दशरथ ने कहा, मैं अब वृद्ध हो गया हूं सुमित्रा! और राम को किसी प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं है। मुझे राम की प्रतिभा और क्षमता पर पहले से ही विश्वास है। वहीं मैंने रक्षा समिति की बैठक में कल देख लिया कि वे इसी क्षण अयोध्या का शासन संभालने के लिए पूर्णतः योग्य हो गए हैं। मेरा जीवन.. सांसों की डोर है और अब वह कमजोर हो गई है। न जाने कब मेरे प्राण, मेरे शरीर का साथ छोड़ दे.. इससे पूर्व ही मैं अपने उत्तराधिकारी को अयोध्या के राज सिंहासन पर आरूढ़ देखना चाहता हूं।

रानी कैकेई ने कहा, सांसों की डोर छूटने की बात क्यों कह रहे हैं महाराज? आप सहस्त्रायु और इससे भी अधिक चिरायु होंगे।

रानियों ने राजा को समझाने का बहुत प्रयास किया। अंत में राजा के तर्कों के आगे रानियां निरुत्तर हो गईं।

आज राजसभा की ओर जाने के बदले महाराज दशरथ का रथ गुरु वशिष्ठ के आश्रम की ओर बढ़ गया।

राजा ने सरयू नदी पार कर अयोध्या से लगभग छह योजन दूर सुरम्य वातावरण से परिपूर्ण वैशिष्ठी क्षेत्र में प्रवेश किया। गुरु वशिष्ठ के आश्रम के नाम पर यह पूरा क्षेत्र इसी नाम से जाना जाता है। राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न ने इसी आश्रम में रहकर विद्या अध्ययन किया था और शस्त्रों के संचालन का प्रशिक्षण लिया था। राजा दशरथ ने आश्रम के भीतर प्रवेश किया। उस समय महर्षि वशिष्ठ ताड़ पत्र पर अपनी लेखनी से कुछ लिख रहे थे। राजा को देखकर वे चौंक उठे। राजा ने उनकी चरण वंदना की। गुरु वशिष्ठ सूर्यवंश के राजगुरु हैं और उन्होंने अयोध्या को कई बार संकटों से बाहर निकाला है। उनका एक पग अयोध्या में होता है तो दूसरा अपने आश्रम में। अभी कल रात्रि ही तो वे राज्य रक्षा समिति की बैठक से वापस अपने आश्रम लौटे हैं।


आइए, अयोध्या नरेश। आज अचानक कैसे यहां आगमन हुआ? यह समय तो आपकी राजसभा का होता है। सब कुशल तो है? गुरु वशिष्ठ ने कहा।

जिस पर आपकी कृपा हो, उसके लिए सब कुशल मंगल ही होगा गुरुदेव लेकिन मैं आपके पास एक महत्वपूर्ण विषय पर मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए उपस्थित हुआ हूं। महाराज दशरथ ने अपना आसन ग्रहण करते हुए कहा।

कहिए राजन! गुरु वशिष्ठ ने पूछा।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -069



## सु-दोकू क्र.069



सु-दोकू क्र.068 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## बख्शी जयंती पर विशेष

# बख्शी जी का जन्म ग्राम मोह

(बख्शी के जीवनकाल में लिखित गिरीश बख्शी का संस्मरणात्मक लेख)

''मास्टर जी डॉ. स्व. पदुमलाल पुन्ना लाल बख्शी को अपने जन्म ग्राम खैरागढ़ से अटूट मोह है। वृद्धावस्था के कारण अब उन्हें आने- जाने में विशेष असुविधा होती है पर वे उसकी चिंता न कर जब भी अवसर मिलता है, खैरागढ़ जाने का लोभ संवरण नहीं कर पाते । स्वास्थ्य ठीक न होने पर भी , वे खुशी-खुशी बड़ी तत्परता से खैरागढ़ के लिए तैयार हो जाते हैं जिससे घर के लोगो को उनकी तबीयत की चिंता तो अवश्य होती है पर यह भी बात सच हैं कि उन्हें खैरागढ़ में स्वास्थ्य लाभ हो जाता है । खैरागढ़ के संबंध में अनेक जगह उन्होंने लिखा है और वे अक्सर कहा करते हैं-''तीन छोटी-छोटी नदियों-आमनेर मुसका और पिपरिया-से घिरे हुए खैरागढ़ से मुझे सचमूच बड़ा मोह है, जब मैं वहां जाकर पानी पीता हूं, तब ऐसा लगता है कि इतने दिनों की प्यास आज बुझी है। मैंने खैरागढ़ कभी छोड़ना नहीं चहा पर अब वृद्धावस्था में अपने जीवन-निर्वाह के लिए उसे छोड़ना पड़ा है तो मैं यही समझता हूं कि यह मेरे लिए सबसे बड़ा दंड है।''

उनके जन्मग्राम के मोह के संबंध में मुझे एक दिन की बात आज विशेष रूप से याद आ रही है। उस दिन छुट्टी थी । अतः मैं दोपहर में ही मास्टरजी से मिलने उनके घर (दिग्विजय कॉलेज के क्वार्टर नं. 16)जा पहुंचा वे उस समय खैरागढ़ जाने की तैयारी में थे । उनके हाथ में एक नये फैशन का बैग देखकर मैं कह पड़ा -मास्टरजी आपको न तो नयी कहानी अच्छी लगती है और न ही नयी कविता, फिर भला नया झोला कैसे पसंद आ गया ?

वे हंसने लगे, बोले-अरे ! नहीं भाई ! ऐसी बात नहीं, जो मुझे अच्छी लगती है, उसे मैं अच्छा कहता हूं, नयी कविताओं में तो मुझे विशेषता दिखलाई नहीं पड़ती । उनके सबंधं में मैंने कई जगह लिखा हैऔर उनके बारे में कहा है। कुछ रूककर वे मुसकुराते हुए बोले - हाँ! यह बात सच है कि इस नये फैशन के बैग को मैंने स्वयं नहीं रखा। इसे तुम्हारी बड़ी ने जबरदस्ती मुझे थमा रखा दिया है । मेरे पास तो कोई सामान ही नहीं है तभी बड़ी चाय लेकर आई । उन्होंने मास्टरजी की बाते सुन ली थीं । चाय देते हुए बोलीं -''मैं यह झोला इसलिए दे रही हूं कि यदि खैरागढ़ से बढ़ी बहू कुछ सामान-आमान भेजे तो नाही मत करेंगे ,जरूर लेते आवेंगे।''



मास्टरजी हंसने लगे, बोले- यदि हमारी बहू सुखरानी देवी इस झोले में पूरा खैरागढ़ भी भर देगी, तो भी मैं उसे नांदगांव लेते आऊंगा। मैं तो यही चाहता हूं कि मैं हमेशा खैरागढ़ में ही रहूं।

– गिरीश बख्शी




## राशिफल

**मेष** — आज आप कई दिनों से रुके हुये कार्य पूरा करने में सफल होंगे। परिवार में आपका पॉजिटिव व्यवहार लोगों को प्रभावित करेगा। आज आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आज धन लाभ के योग बन रहे हैं। विवाहितों को संतान सुख की प्राप्ति होगी। कोई भी पारिवारिक फैसला लेने से पहले परिवार वालों की राय लेना बेहतर होगा।

**वृषभ** — आज आपका उदार भाव लोगों को काफी पसंद आयेगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर बनेगी। अपने किसी काम में आपको दोस्त की मदद मिलेगी। उधार लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। आज आप रिश्तों की गंभीरता को समझने की कोशिश करेंगे। बच्चों के साथ आप खुशी के पल बिताएंगे।

**मिथुन** — आज किसी काम को लेकर आपको जल्दबाजी करने से बचना चाहिए। माता-पिता के साथ आपके रिश्ते और बेहतर होंगे। व्यापार में आज उम्मीद से अधिक लाभ होगा। कहीं रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा। आज आप अपने बढ़ते खर्च को नियंत्रण करने का प्लान बनायेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तें अच्छे रहेंगे।

**कर्क** — आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। आज आप अपने दिनचर्या में बदलाव करेंगे। जिसका आपको लाभ भी मिलेगा। इस राशि के विद्यार्थिओं को करियर में सफलता मिलेगी। मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। दांपत्य जीवन सुखद बना रहेगा। कोई नया काम शुरू करने का मन बनायेंगे।

**सिंह** — आज आपका आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगा। आपसी विश्वास के सहारे पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आयेगी। मेहनत के परिणाम आपको जल्द ही मिलेंगे। इस राशि की महिलाओं को आज के दिन कोई खास खुशखबरी मिलेगी। करियर के लिए आज का दिन मील का पत्थर साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन खुशियां लेकर आयेगा।

**कन्या** — आज आपका दिन आत्मविश्वास से भरा रहेगा। सामाजिक स्तर पर आपका रूतबा बढ़ेगा। जीवनसाथी से खुशखबरी मिलने से पूरे दिन मन प्रसन्न रहेगा। साथ ही परिवार में भी सभी लोग प्रसन्न रहेंगे। कोई खास दोस्त आज आपसे आर्थिक मदद के लिए कहेगा। संतान पक्ष से सुख प्राप्त होगा। छात्रों का मन पढ़ाई में लगेगा।

**तुला** — आज आप किसी घरेलू कार्य में व्यस्त रहेंगे। घरवालों के साथ बेहतर तालमेल बनाने में आप सफल होंगे। पैसों के मामले में जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कोई नया काम शुरू करने के पहले उसकी बारीकी को ठीक से जान लें और समझ लें । आज सोशल साईट पर आपके कुछ नये दोस्त बनेंगे।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। निवेश के मामले में आपको सावधानी बरतनी चाहिए, अगर कहीं निवेश कर रहे है तो पहले उस कार्य से जुड़े लोगों से सलाह अवश्य ले लें। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला होगा। आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी।

**धनु** — आज आपका ध्यान अध्यात्म की ओर अधिक लगा रहेगा। इस राशि के विद्यार्थियों को करियर से रिलेटेड अच्छे मौके मिलेंगे। नये लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए आज का दिन शुभ है। पिता के स्वास्थ का खयाल रखें। जीवनसाथी के साथ समान्जस्य बना रहेगा। आज आपको कार्यों में अपने बड़े भाई का सहयोग मिलेगा।


**मकर** — आज आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। आपके रूके हुए काम घरवालों की मदद से पूरे होंगे। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। सरकारी नौकरी करने वालों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपको दूसरों के सामने सोच-समझ कर बोलना चाहिए। अपने कार्यों को समय से पूरा करने में सफल होंगे।

**कुंभ** — आज आप खुद के कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। किसी खास व्यक्ति से फ़ोन पर बात होगी जो आगे चलकर आपके लिए काफी फायदेमंद साबित होगा। आपके दांपत्य रिश्ते में सौहार्द बना रहेगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर प्राप्त होंगे। पैसों के सिलसिले में थोडा सोच समझ कर फैसला लेना बेहतर होगा।

**मीन** — आज आपका मन सामाजिक कार्यों की तरफ रहेगा। छात्रों को बेहतर परिणाम हासिल होंगे। आज पुरानी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। आप पूरे दिन खुद को ऊर्जा से भरा हुआ महसूस करेंगे। तली भुनी चीजे खाने से अवॉयड करें। व्यापार को बढ़ाने के लिए कुछ नये प्लान बनायेंगे। जिससे आगे चलकर आपको फायदा भी होगा।

# पूर्व मानसून का पहला चक्रवात: उत्तर की ओर बढ़ रहा है चक्रवात रेमल, बंगाल में मचा सकता है तबाही

कोलकाता (आरएनएस)। बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवात रेमल के पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपुपाड़ा के बीच आज रात टकराने की आशंका है। अलीपुर मौसम विभाग के मुताबिक तूफान उत्तर की ओर बढ़ रहा है। पूर्वी क्षेत्रीय निदेशक सोमनाथ दत्त ने बताया कि सुबह 8.30 बजे रिमल गंभीर चक्रवात उत्तर की ओर बढ़ रहा है। प्रातः 11.30 बजे उसी स्थिति में था। मौजूदा समय 95 से 105 किमी की स्पीड को बढ़कर 115 किमी किमी प्रति घंटा हवा चल रही है। यह और अधिक तीव्र होगा। उत्तरी बंगाल की खाड़ी में भीषण चक्रवात का स्थान बांग्लादेश के मोंगला से सीधे 310 किमी दक्षिण में है।




उत्तरी बंगाल की खाड़ी के ऊपर गंभीर चक्रवाती तूफान रेमल पिछले छह घंटों के दौरान सात किमी प्रति घंटे की गति के साथ उत्तर की ओर बढ़ गया है। आज रात साढ़े आठ बजे बंगाल की उत्तरी खाड़ी में अक्षांश 19.8 डिग्री उत्तर और देशांतर 89.3 डिग्री ई के पास खेपुपारा (बांग्लादेश) से लगभग 260 किमी दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में केंद्रित था। मोंगला (बांग्लादेश) से 310 किमी दक्षिण, सागर द्वीप समूह (पश्चिम बंगाल) से 240 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व और कैनिंग (पश्चिम बंगाल) से 280 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व में है।

बांग्लादेश में खेपुपारा से 260 किमी दक्षिण और दक्षिण पश्चिम सागर द्वीप से 240 किमी दक्षिण और दक्षिण-पूर्व में चक्रवात दक्षिण 24 परगना के कैनिंग से 280 किमी दक्षिण और दक्षिण-पूर्व में स्थित है। गंभीर चक्रवात रिमल के चक्रवात केंद्र की घूर्णन की वर्तमान गति 90 से 100 किमी है। अधिकतम 110 कि.मी भीषण चक्रवाती तूफान के रूप में उत्तर की ओर बढ़ रहा है। फिलहाल समुद्र में इसकी अपनी गति 110 किमी प्रति घंटा है। मौसम विभाग ने आधी रात को इसके बंगाल के तट से टकराने की आशंका जताई है।

आधी रात को चक्रवात रेमल पश्चिम बंगाल के सागरद्वीप तथा बांग्लादेश के खेपुपारा के बीच तट से टकराएगा। इसे लेकर मौसम विभाग ने पहले ही अलर्ट जारी कर दिया है। चक्रवात को देखते हुए कोलकाता एयरपोर्ट प्रबंधन ने दोपहर से 21 घंटे के लिए उड़ानों का परिचालन निलंबित कर दिया है।

वहीं, श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह में भी छह बजे से 12 घंटे के लिए सभी कार्गो और कंटेनर हैंडलिंग का काम बंद कर दिया गया है। एनडीआरएफ की टीमों की तैनाती की गई है। पांच टीमें स्टैंड बाय में भी रखी गई है। वहीं, बिजली बहाली के लिए भी आपातकलानी टीमों की तैनाती की गई है। सभी जगहों पर माइकिंग के माध्यम से पहले ही अलर्ट करवा दिया जा रहा है। चूंकि बंगाल की खाड़ी में पूर्व मानसून का यह पहला चक्रवात है। इसलिए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए बार-बार घोषणा की जा रही है।

# भीषण गर्मी से हाल बेहाल, स्वास्थ्य मंत्रालय ने बचने के लिए जारी किए टीप्स



नई दिल्ली (आरएनएस)। बढ़ती गर्मी के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को नियोक्ताओं से कहा है कि वो अपने कार्यस्थल पर आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाएं जिससे कर्मचारियों को परेशानी न हो। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दफ्तर के अंदर या बाहर काम के लिए जाने तक सुनिश्चित करें कि कर्मचारी स्वस्थ और उत्पादक बने रहें। एक एनिमेटेड पोस्ट में, मंत्रालय ने नियोक्ताओं से कार्यस्थल पर उचित पेयजल सुविधाएं प्रदान करने का आह्वान किया।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कुछ टिप्स साझा किए, दिन में गर्मी के दौरान कर्मचारी को बाहर की ड्यूटी लगाने से बचें। मौसम ठंडा होने पर ही बाहरी कार्यों को शेड्यूल करें, कर्मचारी को बार बार रेस्ट दें। इसने नियोक्ताओं को कर्मचारियों को गर्मी से संबंधित बीमारी के लक्षणों को पहचानने के लिए प्रशिक्षित करने की भी सलाह दी।

अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आने से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है, जिसमें शरीर पर चकत्ते से लेकर गंभीर और संभावित रूप से घातक स्वास्थ्य समस्याएं जैसे गर्मी से थकावट और हीट स्ट्रोक शामिल हो सकते हैं। मंत्रालय ने कहा, सिरदर्द, चक्कर आना, डिहाइड्रेशन और सांस लेने में समस्या गर्मी से संबंधित बीमारी के सामान्य लक्षण हैं।

इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने लगातार गर्मी और उच्च तापमान को लेकर रविवार को दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई राज्यों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया। आईएमडी ने कहा कि दिल्ली में तापमान 43 से 47 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। अत्यधिक गर्मी लोगों की आजीविका और रोजमर्रा की गतिविधियों को प्रभावित कर रही हैं।

# पूरे देश में बदलाव की लहर -अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रमाशंकर राजभर और लोकसभा क्षेत्र बलिया से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सनातन पाण्डेय के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए ऐतिहासिक मतो से जिताने की अपील की।भीषण गर्मी और तपती दोपहरी में विशाल चुनावी जनसभाओं में उमड़े जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बलिया का बल समाजवादी पार्टी को जिताने जा रहा है। पश्चिम से पहले चरण के चुनाव में जो जीत की शुरूआत हुई है पूर्वांचल में सातवें चरण में उससे ज्यादा उत्साह और जोश है। छठवें चरण में इंडिया गठबंधन के पक्ष में हुई बंपर वोटिंग से भाजपा का सफाया हो गया है। भाजपा के लोग चार सौ पार का नारा दे रहे थे, वे सातवें चरण में चार सौ सीट हार कर जाएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा बुरी तरह हारने जा रही है। इसीलिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की जुबान लड़खड़ाने लगी है। जुबान उसी की लड़खड़ाती है जिसका आत्मविश्वास लड़खड़ा जाता है। इनको हार का एहसास हो गया है। इनकी भाषा बदल गयी है। अब जनता इनको बदलने जा रही है। पूरे देश में बदलाव की लहर चल रही है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी इस बार जीत के अपने पुराने रिकार्ड को तोड़ देगी। समाजवादी पार्टी रिकार्ड तोड़ सीटे जीतने जा रही है।श्री यादव ने कहा कि इस बार देश की 140 करोड़ जनता भाजपा को 140 सीटों के लिए तरसा देगी। भाजपा ने किसानों, नौजवानों से झूठ बोला। महंगाई बढ़ाकर किसान को संकट में डाला। लागत बढ़ाकर खेती करना महंगा कर दिया। किसान को उनकी फसलों का लागत मूल्य नहीं मिला। भाजपा सरकार ने मुनाफा कमाने के लिए खाद की बोरी से चोरी करायी। डीएपी के साथ नैनो यूरिया जबरदस्ती खरीदवाया। किसान कर्ज में चला गया। भाजपा सरकार ने सिर्फ उद्योगपतियों के लिए काम किया। किसानों की मदद नहीं की। इस सरकार ने उद्योपगतियों का 25 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया। किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। भाजपा की दस साल की सरकार में गरीबी और कर्ज से परेशान होकर एक लाख किसानों ने आत्महत्या कर ली। भाजपा सरकार ने तीन काले कानून लाकर किसानों की फसल और जमीन छीनने का षड्यंत्र किया। किसानों ने आंदोलन किया। भाजपा सरकार पीछे हटने पर मजबूर हुई। अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों का कर्ज माफ करेगी। किसानों को फसलों के एमएसपी का कानूनी अधिकार देगी। भाजपा सरकार ने नौजवानों को नौकरी, रोजगार नहीं दिया। इस सरकार ने नौकरी छीन ली। नौजवानों का एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया। भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो गये। भाजपा सरकार नौकरी रोजगार नहीं देना चाहती है इसीलिए पेपर लीक करा दिये। भाजपा सरकार में भर्ती परीक्षाओं के एक दो नहीं दस पेपर लीक हो गये। भाजपा सरकार ने सेना की नौकरी को अग्निवीर योजना बनाकर नौजवानों को धोखा दिया। सेना की नौकरी चार साल की कर दी। इंडिया गठबंधन की सरकार अग्निवीर योजना खत्म कर नौजवानों को पक्की नौकरी देगी।श्री यादव ने कहा कि भाजपा नौकरी छीनने के साथ ही बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहती है। संविधान से देश की जनता को नौकरी, आरक्षण, अधिकार और सम्मान मिलता है। जनता इस चुनाव में संविधान बदलने की बात करने वालों को बदल देगी। संविधान बचेगा तभी अधिकार बचेगा, तभी लोकतंत्र बचेगा। संविधान, लोकतंत्र बचाने के लिए भाजपा को बदलना जरूरी है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान के साथ जनता की जान के भी पीछे पड़ गयी है। वैक्सीन लगवाने वाली कम्पनी से पैसा वसूल कर सबको वैक्सीन लगा दी। वैक्सीन के कारण कई तरह की बीमारियां हो रही है। दिल की बीमारी हो रही है। भाजपा ने धोखा दिया। वैक्सीन कम्पनी के साथ ही मांस सप्लाई करने वाली कम्पनी से भी चंदा वसूला है। भाजपा ने इलेक्टोरल बांड के नाम पर हजारों करोड़ रूपये चंदा वसूला। महंगाई बढ़ाई, भारी भ्रष्टाचार किया। अब जब पोल खुली है तो घबराये हुए हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने महंगाई बढ़ा दी है। साइकिल से लेकर मोटरसाइकिल सब चीजों के दाम बढ़ा दिया। डीजल, पेट्रोल, रसोईगैस, खाने पीने की सब चीजों के दाम बढ़ा दिए हैं। महंगाई से जनता का हर वर्ग परेशान है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर राषन बढ़ाकर देंगे। राशन के साथ पौष्टिक आटा और मोबाइल चलाने के लिए मुफ्त डाटा दिया जाएगा। तीस लाख सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर नौजवानों को नौकरियां दी जाएंगी। अखिलेश यादव ने सभी लोगों को सावधान करते हुए कहा कि भाजपा हटाओ, नौकरी पाओ। भाजपा हटाओ, संविधान बचाओ। भाजपा हटाओ लोकतंत्र बचाओ। भाजपा ने बहुत झूठ बोला है। श्री यादव ने बहुजन समाज के लोगों से अपील की है कि बाबा साहब के संविधान को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को वोट दें। भाजपा सत्ता से हटेगी, उसका मित्र मंडल बदलेगा, मंत्रिमंडल भी बदलेगा। किसानों, नौजवानों और देश के लिए खुशियों के दिन आयेंगे। श्री यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन सरकार नौकरियों की आयु सीमा बढ़ाएगी। भाजपा ने आरक्षण के साथ खिलवाड़ किया है। 69 हजार शिक्षक भर्ती में भाजपा सरकार ने आरक्षण छीना है। हम नौकरी के साथ आरक्षण देंगे। शिक्षामित्रों के साथ न्याय करेंगे। नौजवानों को शिक्षक की नौकरी देंगे।सलेमपुर की चुनावी जनसभा को समाजवादी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रमाशंकर राजभर, पूर्व नेता विरोधी दल रामगोविन्द चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री राम अचल राजभर, महेंद्र राजभर विधायक एवं पूर्व मंत्री जियाउद्दीन रिजवी, पूर्व विधायक सुभाष श्रीवास्तव, आशुतोष उपाध्याय, मनबोध प्रसाद, ओपी यादव समेत अन्य नेताओं ने समाजवादी पार्टी को भारी मतों से जिताने की अपील की।

## सुन्नी मुस्लिम जमात का समाज अध्यक्ष चुनाव संपन्न

खुज्जी (दावा)। समीपस्थ ग्राम करेठी में हाल ही में सुन्नी मुस्लिम जमात का सदर (समाज अध्यक्ष) चुनाव संपन्न हुआ। जनाब नासिर सिद्दीक़ी(बगमार) को समाज की सर्वसम्मति से सदर चुना गया। वहीं जनाब अकरम खान (करेठी) को सेक्रेटरी (सचिव) नियुक्त किया गया।

इस नियुक्ति पर मुस्लिम समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त कर नए पदाधिकारियों को बधाई दी और समाज के कामों में नवनियुक्त कमेटी को सहयोग देने की बात कही। वहीं कमेटी के मेंबरों ने मुस्लिम समाज को सतत् प्रगति की ओर ले जाने के लिए दृढ़ संकल्प लिया। इस नियुक्ति पर सादिक कुरैशी, शेख अज़हर, सुल्तान खान, इसरार खान, मुश्ताक खान, वाहिद खान, हासम खान, तालिब खान, सद्दाम खान, फजिल खान, साजिद खान और मुस्लिम समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

## डोंगरगढ़ पुलिस ने न्यायालय से दोषसिद्ध आरोपी अनुक दास को किया गिरफ्तार




डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ पुलिस ने धारा 341, 294, 506, 323, 325, 427 भादवि. में आरोपी अनुक दास उर्फ अनुप दास पिता अघनूदास निवासी धुसेरा थाना डोंगरगढ़ के विरूद्ध दिनांक 12.08.2010 को अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। जिस पर जेएमएफसी न्यायालय द्वारा दिनांक 02.05.2013 को आरोपी को दोषमुक्त किया गया था।

उक्त दोषमुक्ति के विरूद्ध किये गये अपील में छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा ए.सी. क्यू.ए. नबंर- 119/2014 निर्णय दिनांक- 09.04.2024 छ.ग. शासन वि. आरोपी अनुक दास उर्फ अनुप दास में आरोपी को धारा 325 भादवि. के तहत दोषसिद्ध करते हुये 02 माह का सश्रम करावास तथा 10000 रू. के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड के भुगतान में व्यक्तिक्रम किये जाने पर आरोपी को 06 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताये जाने का निर्णय पारित किया गया। जिस पर आरोपी को जेल भेजने हेतु आज 26 मई को जेएमएफसी न्यायालय में पेश करने हेतु वारंट जारी होने पर थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर आरोपी को सजा भुगतने हेतु जेल दाखिल किया गया है। आरोपी को पकड़ने में थाना प्रभारी निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा के मार्गदर्शन में सउनि गणेश चौहान, आरक्षक मिलकन वाल्टर, चमन साहू एवं महिला आरक्षक सुषमा मराठे का विशेष योगदान रहा।

## हा बहुम टाट पुचाटार बराखी की जयंती पर

## देर का कारण देर

- गिरीश बख्शी



तब मास्टरजी साहित्य वाचस्पति डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी खैरागढ़ के विक्टोरिया हाईस्कूल में (जो अब उन्हीं के नाम से पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी उच्चतर माध्यमिक शाला हो गया है) असिस्टेन्ट मास्टर थे। उन दिनों एसई पदनाम हुआ करता था। हेडमास्टर बी. सी. दास साहब थे। उन्हें मास्टरजी की साहित्यिक प्रतिभा से बड़ी चिढ़ थी। इसका कारण था, नगर के या बाहर के जो कोई भी स्कूल आते, वे मास्टरजी को ही पूछते। दास साहब के आफिस में जाकर, 'मास्टरजी कहां मिलेंगे?' कहते। दास साहब को लगता स्कूल के सबसे बड़े अधिकारी वे, हेडमास्टर वे, और उनकी कोई पूछ नहीं। जो भी आता है वो उस असिस्टेन्ट मास्टर से मिलने आता है। उनके हेडमास्टरत्व के अहम को चोट पहुंचती। तो दास साहब का कुटिल हृदय मास्टरजी को हेडमास्टर की ताकत दिखाने की ताक में रहता। समय से पहले स्कूल पहुंचकर किसी भी खाली कमरे में, नहीं तो स्कूल के पीछे नदी के किनारे किसी नीम पेड़ के नीचे, गुरुकुल आश्रमी वातावरण में बैठकर मास्टरजी अपने छात्रों को पढ़ाने में निमग्न हो जाते। उनके छात्र भी पहले से घेरा बनाकर निश्चित स्थान पर बैठ जाते। पढ़ना-पढ़ाना, और लिखना-लिखाना यही मुख्य 'स्ट्रगल' था मास्टरजी का।

एक दिन हुआ क्या कि मास्टरजी को अपनी निर्धारित क्लास में आने में, घर से देर हो गई। अहमवादी दास साहब मन ही मन बेहद खुश हुए। उन्हें आज बढ़िया मौका मिल गया अपना अधिकार, अपना हेडमास्टरत्व दिखाने का। उन्होंने तुरन्त एक्स्प्लेनेशन काल किया 'मिस्टर पी.एल. बख्शी असिस्टेन्ट मास्टर विक्टोरिया हाईस्कूल खैरागढ़ प्लीज एक्स्प्लेन व्हाय यू आर लेट टुडे?'

पत्र पढ़कर मास्टरजी मुस्कुराये। उन्होंने तुरन्त उत्तर लिखा जिसमें एक्स्प्लेनेशन सिर्फ एक वाक्य था।

'आई एम लेट बिकाज आई एम लेट।' जो प्यून दास साहब का पत्र लाया था, उसी से कहा, इसे हेडमास्टर साहब को दे देना। उस समय उनके कई सहकर्मी शिक्षकों ने मास्टरजी से कहा-

'मास्टरजी! आप कुछ कारण लिख दीजिए, ऐसे में तो दास साहब...' मास्टरजी बीच ही कह उठे- 'देखिए भाई, मैं झूठ-मूठ कुछ भी कारण नहीं लिख सकता और फिर देर होने का कोई एक कारण भी नहीं है। किसी एक बात में देर हुई तो फिर देर होती चली गई। देर का कारण देर है।'

तभी घन्टी बज गई। मास्टरजी अपनी क्लास लेने उठे। शिक्षकगण उनको मुग्ध भाव से देखने लगे।

**- बालाजी मंदिर के पास स्टेशन पारा, राज्या रंगाय स्तेमवार 27 मई 2024 अंक के लिए प्रकाशनार्थ**

## थैलीटोला, दैहान (बांधाबाजार) में बुद्ध जयंती धूमधाम से मनाई



बांधाबाजार (दावा)। बांधाबाजार, ग्रामीण अंचलों, थैलीटोला, दैहान में सम्पूर्ण विश्व के मानवता शांति समानता स्वतंत्रता एवं भाईचारे का संदेश देने वाले करुणा के सागर महाकारूणिक गौतम बुद्ध की 2568वीं जयंती बुद्ध पूर्णिमा वैशाख पूर्णिमा के दिन बुद्ध जयंती का समारोह कार्यक्रम समस्त ग्रामवासी बौद्ध समाज के तत्वाधान में धूमधाम से मनाया गया।

वहीं गांवों में गाजे बाजे के साथ रैली निकाली गई बुद्ध, अम्बेडकर जी के नारे बुलाए गए और शाम को कीरत गणवीर के नेतृत्व में मुख्य से पूजा-अर्चना सामुहिक बुद्ध, पंचशील वंदना कर किया गया। व शाम को भोजन भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से तुकाराम कांतिबाई नागेश्वर कुमार विद्याश्री, कीरत कुमार गणवीर उर्वशी, रजनीश, मयंक, प्रत्यक्ष गणवीर रेशम कुमार, सुलोचना आशीष कुमार, भग्गूलाल सुकवारो बाई, देव कुवंर, विजय कुमार नंद गौरी सरिता, दिव्यांशु अजय कुमार, अन्नू बाई कृष्ण कुमार, सुशीला बाई, हेमा, पूनम रेणुका, किशोरी लाल, शीला रामटेके, सुरेश कुमार, उमाबाई लक्ष्मीकांत नीरज कुमार गणवीर आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

## खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने दी झीरम घाटी के शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि

### कुमरदा मे झीरम घाटी के शहीदों को दी विनम्र श्रद्धांजलि



छुरिया (दावा)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा के तत्वाधान में झीरम घाटी में शहीद हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं सुरक्षा बल के जवानों के बलिदान दिवस पर कोटि-कोटि नमन किया और उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी।

खुज्जी विधायक भोलाराम साहू सहित कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया और कहा कि इन महान आत्माओं की कुर्बानियों को कभी भूलाया नहीं जा सकता है। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, गिरधारी साहू कार्यकारी अध्यक्ष, कांति भंडारी जिला पंचायत सदस्य, लालचंद साहू संयुक्त महामंत्री,पन्ना साहू समाजसेवी, अनिल टेमरे ब्लॉक महामंत्री, गोपाल तावैरी समाजसेवी, सुदर्शन देवांगन, सुनील ब्लॉक सचिव,नरेंद्र साहू, विनोद मंडलोई युवा कांग्रेस अध्यक्ष, रोहित कुमार भुआर्य, चन्दु लाल सिन्हा, विरेंद्र साहू, रामलाल श्याम, डिलेश्वर कुमार, शरद कुमार चंद्राकर सहित कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने ली महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

- सभी सेक्टर सुपरवाइजर क्षेत्र भ्रमण कर जिम्मेदारी पूर्वक अपना कार्य करें-कलेक्टर
- पोषण ट्रैकर ऐप में सही डाटा प्रविष्टि करने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



मोहला (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों और महिला सेक्टर सुपरवाइजर के साथ समीक्षा बैठक की। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं सेवाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महिलाओं किशोरी बालिकाओं और बच्चे के विकास के लिए महिला बाल विकास विभाग का दायित्व जवाबदेही पूर्वक निर्वहन करना होता है।

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पदों पर भर्ती प्रक्रिया की परियोजना वार जानकारी ली और भर्ती प्रक्रिया समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों के निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कार्य में कुशलता के लिए उनकी ट्रेनिंग कराए। उन्होंने उपस्थित महिला सुपरवाइजरों से कहां की पोषण ट्रैकर ऐप में डेटा प्रविष्टि में गलतियां ना करें।

सही जानकारी प्रविष्टि करें एवं बच्चों के रेडी टू ईट वितरण की एंट्री करने के आदेश दिए। कुपोषित बच्चों को समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन कार्यक्रम में भर्ती करने के निर्देश दिए। विभाग द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना की समीक्षा कर प्राप्त राशि के उपयोग सुनिश्चित करने एवं योजना से लाभान्वित करने एवं इस योजना से संबंधित जानकारी को आंगनबाड़ी नोटिस बोर्ड में चश्पा करने निर्देश दिए। सभी सुपरवाइजर क्षेत्र भ्रमणकर जिम्मेदारी पूर्वक अपना कार्य करें। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बैठक आयोजित कर चर्चा करे। उन्होंने जिले में बाल विवाह रोकने लोगों को जागरूक करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण एक गंभीर समस्या है। यह बच्चें के शारीरिक बौद्धिक और शैक्षणिक विकास के लिए बड़ी बाधा है। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण को दूर करने के लिए कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर सुपोषण की श्रेणी में लाए।

गंभीर को पोषित बच्चों का नजर रखें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित भ्रमण कर आवश्यक निरीक्षण करें। आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन रेडी टू इट वितरण मेनू का पालन गर्म भोजन वितरण निर्धारित समय में केंद्र के खुलने और बंद होने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का नियमित उपस्थिति का निरीक्षण करें। बैठक में महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी श्री चंद्रशेखर मिश्रा, अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी सहित महिला सेक्टर सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### पापुआ न्यू गिनी में लैंडस्लाइड से मरने वालों की संख्या 670 से ज्यादा

मेलबर्न। पापुआ न्यू गिनी के काओकलाम गांव में लैंडस्लाइड का मामला चर्चा में है। अब इस लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या बढ़कर 670 हो गई है। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी मिशन के प्रमुख सेरहान एक्टोप्राक ने ये जानकारी दी है। उन्होंने कहा,अब लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 670 से अधिक हो सकती है। बता दें कि 23 मई को सुबह 9 बजे काओकलाम गांव में ये हादसा हुआ था। जब ये घटना हुई,तब सभी लोग अपने घरों में सो रहे थे।इससे पहले बताया गया था लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 300 के पार है। वहीं 1,182 घर मलबे में दब गए। लेकिन अब मरने वालों का आंकड़ा 670 से अधिक होने की आशंका है। आस्ट्रेलिया के विदेश एवं व्यापार विभाग ने 25 मई को बताया था कि मुलिताका क्षेत्र में लैंडस्लाइड से 6 से अधिक गांव पर भी असर पड़ा है। बता दें कि सुरक्षा कर्मियों की मदद से कई दबे हुए शव बाहर निकाले गए हैं। वहीं पोरगेरा वुमेन इन बिजनेस एसोसिएशन की अध्यक्ष एलिजाबेथ लारुमा ने बताया था कि काओकलाम गांव पहाड़ी की ढलान पर बसा हुआ है,पहाड़ का किनारा खिसकने से ये जबरदस्त हादसा हुआ, जिस वजह से वहां आसपास के घर मिट्टी और पेड़ों के नीचे दब गए हैं।

### पाक के खैबर पख्तूनख्वा में आतंकवादियों ने जलाई बस

पेशावर। देश के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने एक बस को जला दिया और उसके यात्रियों पर अत्याचार किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार को हुई जब द्राजिंदा से डेरा इस्माइल खान जा रही बस को दरबान तहसील में टीटीपी आतंकवादियों ने रोक लिया और यात्रियों को जबरन उतार दिया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ÷घटना के दौरान टीटीपी आतंकवादियों ने यात्रियों को उतारने के बाद बस को जलाकर राख कर दिया। उन्होंने सबसे पहले यात्रियों को प्रताड़ित किया और बाद में उन्हें सरकार का समर्थन करने के लिए धमकी दी।÷ बाद में भागते समय आतंकियों ने बस को जलाकर राख कर दिया।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की भारी टुकड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिणी जिलों में कानून और व्यवस्था की स्थिति लगभग ध्वस्त हो गई है, क्योंकि आतंकवादियों ने देर शाम सार्वजनिक व्यवस्था पर नियंत्रण कर लिया है और उन्हें अस्थिर आदिवासी जिलों दक्षिण और उत्तरी वजीरिस्तान की सीमा से लगे जिलों में मुख्य सड़कों पर मार्च करते देखा जा सकता है।

### हिजबुल्लाह ने दी इजरायल को दी धमकी

गाजाः ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के निधन के बाद हिजबुल्लाह ने इजरायल को सबसे बड़ी धमकी दी है। ईरान समर्थित हिज़्बुल्लाह ने इज़रायल को चेतावनी देते हुए कुछ आश्चर्यजनक घटना को अंजाम देने की बात कही है। हिजबुल्लाह ने कहा है ÷हमसे आश्चर्य की उम्मीद करें÷। हिज़्बुल्लाह फ़िलिस्तीनी मुद्दे और गाजा के समर्थन में इज़रायल से जंग लड़ रहा है। गाजा में संघर्ष को अब 8 महीने बीत चुके हैं। लेबनानी संगठन हिजबुल्लाह कथित तौर पर इजरायल पर एक आश्चर्यजनक हमले की तैयारी कर रहा है।

मिडिल ईस्ट मॉनीटर की खबर के अनुसार आतंकी समूह के महासचिव हसन नसरल्लाह ने टेलीविज़न भाषण में इज़रायल को आश्चर्य के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। हिजबुल्लाह ने प्रतिरोध और मुक्ति दिवस की 24वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को कहा ÷आपको हमारे प्रतिरोध से आश्चर्य की उम्मीद करनी चाहिए,÷। बता दें कि हिज़्बुल्लाह का उद्भव एक मजबूत आतंकी संगठन के तौर पर लेबनान गृहयुद्ध के दौरान हुआ था। वह अब फ़िलिस्तीन और गाजा के समर्थन में इज़रायल से लड़ रहा है।

### चक्रवात 'रेमल' को लेकर बंगाल में हाई अलर्ट

कोलकाता। बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न हुआ चक्रवात 'रेमल'रविवार आधी रात को लैंडफॉल करेगा। इसे लेकर बंगाल में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। कोलकाता एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। राज्य के तटीय इलाकों में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की 12 टीमों को तैनात किया गया है। नौसेना व भारतीय तटरक्षक बल भी अलर्ट पर है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, चक्रवात इस समय बंगाल की खाड़ी से 270 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व दिशा में है। इसके रविवार आधी रात को बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में स्थित सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपूपाड़ा के बीच के तटवर्ती इलाकों से होकर गुजरने का पूर्वानुमान है। इसके प्रभाव से बंगाल के

# दीपा करमाकर ने रचा इतिहास, एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण

## जीतने वाली पहली भारतीय जिमनास्ट बनीं



नई दिल्ली। ओलंपियन भारतीय जिमनास्ट दीपा करमाकर ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। रियो ओलंपिक 2016 में शामिल हो चुकीं दीपा ने महिला वॉल्ट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

यह पहली बार है जब किसी भारतीय जिमनास्ट ने इस चैंपियन में पीला तमगा हासिल किया है। 30 वर्षीय दीपा ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन वॉल्ट फाइनल में 13.566 का औसत स्कोर बनाया। उत्तर कोरिया की किम सोन हयांग (13.466) और जो क्योंग ब्योल (12.966) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। निलंबन के कारण पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर हैं दीपा रियो ओलंपिक 2016 में वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रही दीपा ने 2015 चरण में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। आशीष कुमार ने 2015 एशियाई चैंपियनशिप में व्यक्तिगत फ्लोर एक्सरसाइज में कांस्य पदक जीता था। प्रणति नायक ने भी 2019 और 2022 चरण में वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। डोपिंग उल्लंघन के कारण 21 महीने के निलंबन के बाद पिछले साल वापसी करने वाली दीपा आगामी पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर हैं।

## श्रीहरि नटराज ने किया शानदार प्रदर्शन, 50 मीटर बैकस्ट्रोक में जीता रजत पदक



नई दिल्ली। भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज ने फ्रांस में चल रहे 30वें मेयर नोस्ट्रम तैराकी टूर्नामेंट में 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक जीता। टोक्यो ओलंपिक खेल चुके नटराज ने 25.50 सेकेंड का समय निकालकर हंगरी के एडम जास्जो के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। ब्रिटेन के स्कॉट गिब्सन को कांस्य पदक मिला। हालांकि श्रीहरि स्वर्ण पदक हासिल करने से चूक गए। नटराज का इस वर्ग में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25.11 सेकेंड का है। 50 मीटर बैकस्ट्रोक ओलंपिक स्पर्धा नहीं है। पेरिस ओलंपिक के लिए अभी तक कोई भारतीय तैराक क्वालीफाई नहीं कर सका है। टोक्यो ओलंपिक में साजन प्रकाश और नटराज ने क्वालीफाई किया था।

## भारतीय महिला हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन अर्जेंटीना के खिलाफ भी जारी रहा और टीम को एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम चरण में अर्जेंटीना से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम का बेल्जियम चरण में यह अंतिम मुकाबला था। अर्जेंटीना के लिए सेलिना डि सैंटो (पहले मिनट), मारिया कैंपॉय (39वें) और मारिया ग्रेनाटो (47वें मिनट) ने गोल किए। भारतीय महिला हॉकी टीम अब लंदन में एक जून को अपने अगले मैच में जर्मनी से भिड़ेगी।

## वेस्टइंडीज ने साउथ अफ्रीका को रौंदा, सीरीज में बनाई अजेय बढ़त

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के बीच खेली जा रही टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले को भी वेस्टइंडीज की टीम ने अपने नाम कर लिया है। इस मुकाबले में मिली जीत के साथ ही उन्होंने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इस मुकाबले में वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा रोस्टन चेस ने दमदार ऑलराउंड खेल दिखाया। जिसके कारण उनकी टीम यह मुकाबला अपने नाम कर सकी। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला जमैका स्थित किंग्स्टन के सबीना पार्क में खेला गया। इस मैच में वेस्टइंडीज ने साउथ अफ्रीका को 16 रनों से हरा दिया है।



दूसरे टी20 मैच में ब्रैंडन किंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और उनकी टीम ने काफी शानदार बल्लेबाजी करते हुए बोर्ड पर बड़ा स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज ने इस मुकाबले में 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 207 रन बनाए। इस दौरान टीम के कप्तान ब्रैंडन किंग ने 22 गेंदों पर 36 रनों की पारी खेली। वहीं मिडिल ऑर्डर ने भी इस मुकाबले में दमदार प्रदर्शन किया। किंग के विकेट के बाद काइल मेयर्स और चेस मैदान पर आ गए और उनकी साझेदारी ने साउथ अफ्रीकी कप्तान रासी वान डेर डुसेन को परेशानी में डालना शुरू कर दिया।

मेयर्स ने साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों का सामना किया और साबित किया कि किंग का पहले बल्लेबाजी करने का फैसला सही था। उन्होंने सिर्फ 16 गेंदों पर 32 रन बनाए, जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल थे, लेकिन लेग स्पिनर नकाबायोमजी पीटर की गेंद पर डीप स्क्वायर लेग फेंस के ऊपर से गेंद को आगे बढ़ाने की कोशिश में वे आउट हो गए। मेयर्स का विकेट चेस को ज्यादा परेशान नहीं कर सका, क्योंकि उन्होंने अपनी पारी को बेहतरीन तरीके से आगे बढ़ाया और दूसरे छोर पर खड़े बल्लबाजों को लंबे शॉट लगाने में मदद की।

## टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अमेरिका रवाना हुई टीम इंडिया

नई दिल्ली। टी 20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन 1 जून से किया जाना है। इस टूर्नामेंट का मेजबानी वेस्टइंडीज और अमेरिका के हाथों में है। आपको बता दें कि इस टूर्नामेंट के लिए टीम इंडिया के स्क्वाड का ऐलान कर दिया गया है और टीम इंडिया के खिलाड़ी वर्ल्ड कप के लिए अमेरिका रवाना हो गए हैं। दरअसल टीम इंडिया लीग स्टेज के दौरान अपने सभी मुकाबले अमेरिका में खेलेगी। ऐसे में शनिवार को पहला बैच अमेरिका के लिए रवाना हो गया। इस बैच में विराट कोहली और हार्दिक पांड्या जैसे बड़े खिलाड़ी शामिल नहीं थे।



टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा के अलावा, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, हेड कोच राहुल द्रविड़ और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ और कुछ अन्य खिलाड़ी मुंबई हवाई अड्डे से रवाना हुए। पहले बैच में अन्य खिलाड़ियों में रवींद्र जड़ेजा, शिवम दुबे, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल का नाम शामिल हैं। ये खिलाड़ी कुछ दिनों में अपना अभ्यास भी शुरू कर देंगे।

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली सहित कुछ खिलाड़ी, जो प्लेऑफ में पहुंचने वाली आईपीएल टीमों का हिस्सा हैं, अभी भी टी20 वर्ल्ड कप के लिए रवाना नहीं हुए हैं। माना जा रहा है कि विराट कोहली 30 मई को वर्ल्ड कप के लिए रवाना होंगे। राजस्थान रॉयल्स ने बुधवार को एलिमिनेटर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हराया था, लेकिन शुक्रवार रात क्वालीफायर 2 में उसे सनराइजर्स हैदराबाद से हार का सामना करना पड़ा। रविवार को स्क्र॥ का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। वहीं कोलकाता नाइट राइजर्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम में कोई भी ऐसा भारतीय खिलाड़ी नहीं है जो वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा है। वहीं राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले यशस्वी जयसवाल, संजू सैमसन और युजवेंद्र चहल जैसे खिलाड़ी अभी तक टीम में शामिल नहीं हुए हैं।

## आबीआई द्वारा सरकार को रिकॉर्ड डिविडेंड देने से क्या इकोनॉमी पर पड़ेगा असर?

नई दिल्ली। देश में राजकोषीय घाटा पिछले पांच साल में छह प्रतिशत से अधिक रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में इसके 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा गया है। यदि सरकार इसका उपयोग राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए करती है, तो यह घटकर लगभग 4.8 प्रतिशत हो जाएगा।

पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक का सरकार को रिकॉर्ड 2.11 लाख करोड़ करोड़ रुपये का डिविडेंड देने का कारण संभवत~ अधिक लाभ का होना है। हालांकि, इसका अर्थव्यवस्था पर प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार इसका उपयोग किस सीमा तक उधारी कम करने या व्यय बढ़ाने के लिए करती है। उल्लेखनीय है कि



आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की पिछले सप्ताह 608वीं बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के डिविडेंड भुगतान को मंजूरी दी है। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अबतक का सर्वाधिक डिविडेंड भुगतान होगा। यह चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान की तुलना में दोगुना से भी अधिक है।

अंतरिम बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की डिविडेंड आय का अनुमान जताया था। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 87,416 करोड़ रुपये का डिविडेंड सरकार को दिया था। गर्ग ने पीटीआई-भाषा से कहा, च्आरबीआई के अत्यधिक डिविडेंड का सबसे स्पष्ट कारण बड़ा मुनाफा हो सकता है। हालांकि, अभी आरबीआई की च्बैलेंस शीटज् प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन इसके लगभग तीन लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

## ज्योतिष चमत्कार (27 मई 2024)

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 87 | 92 | 03 | 12 |
| मंगल | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 96 | 07 | 14 | 21 |
| बुध | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 09 | 18 | 23 | 32 |
| गुरू | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 10 | 25 | 34 | 41 |
| शुक्र | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 16 | 27 | 36 | 43 |
| शनि | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 29 | 30 | 45 | 58 |
| अंकों का बादशाह | | | | 2 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 3 |
| सप्ताह में अचूक | 4 | 8 | 9 | 0 |
| स्पेशल | 41 | 85 | 96 | 07 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 38 | 45 | 52 | 63 |
| मंगल | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 47 | 54 | 65 | 74 |
| बुध | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 56 | 67 | 76 | 81 |
| गुरू | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 69 | 78 | 87 | 92 |
| शुक्र | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 61 | 70 | 89 | 96 |
| अंकों का बादशाह | | | | 1 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 2 |
| सप्ताह में अचूक | 4 | 5 | 6 | 0 |
| स्पेशल | 43 | 57 | 68 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | ´70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | ´79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

| कल्याण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 33 | 92 | 58 | 60 | 08 | 24 |
| 27 | 21 | 83 | 79 | 01 | 44 |
| 98 | 40 | 45 | 96 | 53 | 30 |
| 26 | 66 | 70 | 02 | 16 | 42 |

| राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 21 | 49 | 14 | 56 | 52 |
| 05 | 46 | 96 | 18 | 64 |
| 42 | 50 | 80 | 08 | 20 |
| 40 | 21 | 25 | 27 | 63 |

**2023 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -23-09

राजधानी नाईट 2023 -35-62-66-

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

***कोलकाता ने तीसरी बार जीता...***

लक्ष्य का पीछा करते हुए कोलकाता ने वेंकटेश अय्यर के 26 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 52 रन और विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के 32 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों के सहारे 39 रन की मदद से 10.3 ओवर की दो विकेट पर 114 रन बनाकर जीत दर्ज की। केकेआर की पारी में सुनील नरेन ने छह रन का योगदान दिया, जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर तीन गेंदों पर छह रन बनाकर पवेलियन लौटे।

रसेल ने झटके तीन विकेट- ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया और तीन विकेट झटके। रसेल ने मार्करम के अलावा अब्दुल समद और कप्तान पैट कमिंस को आउट किया। समद चार रन और कमिंस 19 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुए। हैदराबाद की पारी इस मैच में काफी खराब रही और सिर्फ चार बल्लेबाज ही दहाई अंक तक पहुंच सके। हैदराबाद के लिए कमिंस सर्वोच्च रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे और टीम का कोई बल्लेबाज 30 रन भी नहीं बना सका।

***दिल्ली के चाइल्ड हॉस्पिटल में आग...***

स्थानांतरित कर दिया गया। डीसीपी ने कहा कि दमकल की गाड़ियां भी मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। हादसे में 7 मासूमों की मौत- दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि अस्पताल में सात बच्चों को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि पांच नवजात शिशुओं का इलाज चल रहा है। डीसीपी ने कहा, सभी 7 शवों को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया है।

फटे हुए ऑक्सीजन सिलेंडर मिले- डीसीपी ने आगे कहा कि आग बुझाने के बाद अस्पताल का निरीक्षण किया गया तो वहां फटे हुए ऑक्सीजन सिलेंडर मिले। इस मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 336, 304 ए और 34 के तहत अपराध के लिए एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके अलावा, पुलिस स्टाफ, फायर ब्रिगेड स्टाफ और क्राइम टीम द्वारा अस्पताल का गहन निरीक्षण किया गया। डीसीपी ने कहा, ÷अस्पताल के निरीक्षण और नर्सिंग स्टाफ की जांच करने पर, यह पाया गया कि वहां कोई अग्निशामक यंत्र नहीं था, अनुचित प्रवेश-निकास, आपातकालीन निकास की अनुपस्थिति, बीएएमएस डॉक्टर की तैनाती आदि, इस मामले में दंडात्मक धारा 304 और 308 आईपीसी लागू की गई है।

***मोदी ने 22 लोगों के 16 लाख करोड़ ...***

सरकारी क्षेत्र में 30 लाख नौकरियाँ देंगे और मनरेगा की दिहाड़ी

## प्रथम पेज का शेष

बढ़ाकर 400 रुपए करेंगे। इसके साथ ही ग्रेजुएट युवाओं को पहली नौकरी पक्की का अधिकार देंगे, जिसके तहत सरकारी कंपनियों, संस्थानों में उन्हें रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा।

किसानों का कर्ज माफ करने के साथ-साथ आंगनबाड़ी में काम करने वाली महिलाओं और आशा कार्यकर्ताओं की आय दोगुनी करेंगे। उन्होंने कहा कि यह फ्री गिफ्ट नहीं है, बल्कि लोगों का अधिकार है, जिसे केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संविधान भारत की आवाज है और भाजपा उस संविधान पर हमला कर रही है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता मजबूती के साथ भाजपा के खिलाफ लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि संविधान कोई मामूली किताब नहीं है, बल्कि इसकी सोच हजारों साल पुरानी है और यह किताब देश की आवाज है। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, शिमला से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, विधायक अजय सोलंकी सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

***पीएम मोदी ने रेमल...***

अंडमान सागर में न जाने की सलाह दी गई है। करीब एक लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। मौसम विभाग नियमित अपडेट के साथ बंगलादेश को सूचना सहायता भी प्रदान कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने राज्य सरकार को पूरा समर्थन दिया है और यह आगे भी जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय को स्थिति की निगरानी करनी चाहिए और सामान्य स्थिति की बहाली के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए चक्रवात के पहुंचने के बाद समीक्षा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया है कि पश्चिम बंगाल में पहले से ही तैनात की गई 12 एनडीआरएफ टीमों और ओडिशा में एक टीम के अलावा, अधिक टीमों को तैयार रखा जाए जो एक घंटे के भीतर आगे बढ़ सकें। भारतीय तटरक्षक किसी भी आपात स्थिति के लिए अपने पोत तैनात करेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए बंदरगाहों, रेलवे और राजमार्गों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। बैठक में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, कैबिनेट सचिव, गृह सचिव, एनडीआरएफ के महानिदेशक, मौसम विभाग के महानिदेशक और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य सचिव भी उपस्थित थे।

***छत्तीसगढ़ की राजनीति में होगा बड़ा...***

के समय भाजपा में शामिल हुए हैं। जिसमें पूर्व विधायक, पूर्व सांसद से लेकर पूर्व महापौर, जिला अध्यक्ष, सचिव सहित अन्य शामिल हैं। कांग्रेस में विधानसभा चुनाव से पहले नए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की नियुक्ति हुई थी। इस कारण उनका अपने संगठन के विस्तार का मौका नहीं मिली। बैज ने पुरानी कार्यकारिणी में थोड़ा बहुत बदलाव कर अपना काम चलाया था। अब कांग्रेस में निकाय चुनाव से पहले बड़ा फेरबदल हो सकता है। वैसे भी इस चुनाव में प्रदेश संगठन की भूमिका सबसे अहम होती है। बताया जाता है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में हुए फैसलों के मुताबिक ही नई कार्यकारिणी का गठन होगा। इसमें 50 फीसदी युवाओं को मौका मिलेगा। इसके अलावा नई कार्यकारिणी में अनुभवी नेताओं का भी समावेश रहेगा। माना जा रहा है कि बैज अपने समर्थकों को बड़ी जिमेदारी दे सकते हैं।

इस हिसाब से तैयारियां भी तेज हो गई है। वैसे भी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में बड़ा बिखराव हो चुका है। कांग्रेस में संगठन में महत्वपूर्ण जिमेदारी निभाने वाले नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। इनके स्थान पर भी नई नियुक्तियां होनी है। शिकायतों की भी हो रही जांच- लोकसभा चुनाव में जिन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की शिकायतें आई थीं, उसकी भी पतासाजी की जा रही है। साथ ही किन-किन मंडलों और जिलों में वोटिंग प्रतिशत कितना रहा इस आधार पर उनके कार्यों का आंकलन भी किया जा रहा है। इसके अलावा पार्टी द्वारा सौंपे गए कार्यों को समय पर पूरा किया कि नहीं आदि बिंदुओं पर एक-एक पदाधिकारियों कार्यों की समीक्षा की जा रही है। साथ ही जिलों से भी रिपोर्ट मंगाई जा रही है। किस पदाधिकारी और कार्यकर्ता की कार्यशैली कैसी है, ताकि नई कार्यकारिणी में नए और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को पद दिया जा सकें।

***टीएमसी की महिला विधायक का है ...***

एनआरसी (नागरिकों का राष्ट्रीय रजिस्टर), और यूसीसी (समान नागरिक संहिता) को लागू करने की अनुमति नहीं दूंगी। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल के अलावा किसी भी भाजपा विरोधी पार्टी को वोट देने का मतलब परोक्ष रूप से भाजपा को मदद करना होगा। मुख्यमंत्री ने सभा को बताया, इसका मतलब भाजपा विरोधी वोटों में विभाजन होगा। किसी अन्य पार्टी को दिया गया हर वोट भाजपा को खुश करेगा। भाजपा विरोधी वोटों को मत बांटो।



# महाकाल के दरबार में पहुंची रवीना टंडन, बेटी के साथ की बाबा की पूजा अर्चना

बॉलीवुड की मस्त- मस्त गर्ल रवीना टंडन 90 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस रही हैं। `मोहरा', `दिलवाले', `अंदाज अपना अपना', `पत्थर के फूल और दमन' समेत कई फिल्मों में उन्होंने काम किया और अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरा। सालों तक अपनी खूबसूरती से लोगों के दिलों पर राज करने वाली रवीना टंडन इन दिनों शिव भक्ति में डूबी नजर आ रही हैं। वो आए दिन शिव जी के प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग के दर्शन करती हुई नजर आ रही हैं। इसी बीच अब हाल ही में एक्ट्रेस एक बार फिर महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचीं। इस दौरान उनके साथ उनकी बेटी राशा भी नजर आईं। अब महाकाल के मिंदर से दोनों की कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं।

सामने आई तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि रवीना अपनी बेटी के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेती हुई नजर आ रही हैं। इसके बाद उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर मंत्र का उच्चारण भी किया, और नंदी जी के कानों में मनोकामना भी कही। वहीं दर्शन और पूजा के बाद रवीना टंडन ने खुशी भी जहिर की। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि `मैं बाबा महाकाल का अनन्य भक्त हूं और हर साल मैं बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने यहां जरूर आती हूं। पीछले साल भी आई थीं।' वहीं इसके बाद रवीना बेटी के साथ ओमकारेश्वर दर्शन के लिए भी गईं। इसकी कुछ तस्वीरें राशा ने अपने इंस्टाग्राम पर भी शेयर की हैं। इसके साथ ही राशा ने भीमाशंकर , त्र्यंबकेश्वर से लेकर घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन तक की झलकियां भी दिखाई है। बता दें कि रवीना ने बेटी राशा के साथ 12 ज्योतिर्लिंग यात्रा पूरी कर ली है। दोनों कुछ समय़ पहले भीमाशंकर महादेव के दर्शन के लिए गए थे, जहां कि तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की थीं।

राशा और रवीना का वर्क फ्रंट काम की बात करें तो राशा थडानी जल्द ही अमान देवगन के साथ फिल्म में नजर आने वाली हैं। बीते दिनों उन्हें अमान के साथ स्पॉट किया गया था, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था।

फिलहाल राशा अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर बिजी चल रही हैं। वहीं मस्त-मस्त गर्ल के नाम से मशहूर एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी काफी स्टाइलिश भी हैं। सोशल मीडिया पर उनके स्टाइल की खूब चर्चा होती रहती है। वहीं रवीना टंडन की बात करें तो रवीना टंडन जल्द ही `वेलकम टू द जंगल' और `टाइम मशीन' में नजर आएंगी।



# क्या फिर बिगड़ा राखी सावंत और रितेश का रिश्ता?



दोनों कर रहे झूठ और धोखे की बात राखी सावंत और उनके पहले एक्स हस्बैंड रितेश सिंह के बीच अनबन की खबरें सामने आ रही हैं। अब रितेश और राखी ने सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा पोस्ट किया है कि लोग भी सोच में पड़ गए हैं। इन दोनों के हालिया पोस्ट ने इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। ड्रामा क्वीन राखी सावंत एक तरफ सर्जरी का दर्द सह रही हैं। दूसरी तरफ जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। इन मुसीबतों के बीच राखी के दूसरे एक्स हस्बैंड के लगातार तीखे बयान सामने आ रहे हैं। इन सबके बीच राखी सावंत ट्रोलिंग का भी सामने कर रही हैं। ऐसा लग रहा है कि किसी भी तरह से राखी सावंत की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इन सबके बीच अब राखी को लेकर एक और खबर सामने आई है। अब ऐसा लग रहा है कि रितेश सिंह और राखी के बीच एक बार फिर विवाद हो गया है। बता दें, राखी के पहले एक्स हस्बैंड ने सब पुरानी बातें भुलाकर मुश्किल वक्त में एक्ट्रेस का खूब सपोर्ट किया। आदिल से कानूनी लड़ाई हो या फिर राखी की सर्जरी, हर समय रितेश अपनी एक्स वाइफ के साथ खड़े रहे। दोनों अब अच्छे दोस्त बन चुके हैं और एक-दूसरे का सहारा बने हुए हैं। लेकिन लगता है ये जोड़ी एक बार फिर टूट गई है। सोशल मीडिया पर इस बात का इशारा मिला है। इनके पोस्ट देख अब ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि एक बार फिर राखी और रितेश का रिश्ता मुश्किल दौर से गुजर रहा है। राखी को किसने दिया धोखा ? दरअसल, अब ये दोनों धोखे और भरोसा टूटने की बातें कर रहे हैं। राखी ने हाल ही में एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया था। इस पोस्ट में राखी ने लिखा था, च्धोखा नहीं मरता। आज आप दोगे कल आपको जरूर मिलेगा।

अब सर्जरी के बाद राखी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से ऐसा पोस्ट क्यों शेयर किया है ये सोचकर फैंस भी हैरान हैं। सब लोग अभी कयास लगा ही रहे थे कि राखी को किसने धोखा दिया होगा ? इसी बीच रितेश का पोस्ट भी सामने आ गया है और इसे देखने के बाद लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। रितेश का टूटा भरोसा ? अब रितेश ने अपने अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उनकी तस्वीरों के साथ पीछे से वॉइस ओवर चल रहा। पीछे से आवाज आ रही है- च्मुझे तकलीफ इस बात से नहीं है कि तुमने मुझसे झूठ बोला या फिर मेरा भरोसा तोड़ा! दुख तो इस बात से है कि तुम पर अब कभी भी भरोसा नहीं होगा। कितनी भी सफाई पेश कर लो, कितनी भी बातें बना लो। अब वो बात नहीं रहेगी। बात होगी हमारी लेकिन अब वो पहले वाली बात नहीं रहेगी।ज् अब उनका ये पोस्ट राखी के पोस्ट के बाद आना इनके अलगाव का इशारा कर रहा है। हालांकि, सच क्या है अभी इसका खुलासा नहीं हुआ है।





# चिलचिलाती गर्मी के बीच बाली में वेकेशन एन्जॉय कर रहीं मौनी रॉय

कभी झरने तो कभी स्विमिंग पूल में आईं नजर टीवी की नागिन बनकर घर-घर में पहचान बनाने वालीं मौनी रॉय अब बॉलीवुड में अपनी अदाकारी का हुनर दिखा रही हैं. मौनी रॉय अपनी अदाकारी के साथ-साथ अदाओं के लिए भी अक्सर ही सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं. हाल में एक्ट्रेस की बाली वेकेशन की फोटोज ने फैंस का पूरा



ध्यान अपनी तरफ खींचा हुआ है. जी हां...मौनी रॉय फिलहाल बाली में वेकेशन मना रही हैं और लगातार अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर फैंस के लिए शेयर कर रही हैं. आइए, यहां देखते हैं मौनी रॉय के बाली वेकेशन की झलक... मौनी रॉय ने अपने बाली वेकेशन की फोटोज से सोशल मीडिया की सारी लाइमलाइट खींच ली है. एक्ट्रेस कभी ग्लैमरस ड्रेस तो कभी टू-पीस में कहर बरपाती दिखाई दे रही हैं. मौनी रॉय की बाली वेकेशन की फोटोज पर फैंस का दिल आ गया है. मौनी रॉय वेकेशन एन्जॉय करने के साथ-साथ फैंस के लिए फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर कर रही हैं. यहां एक तस्वीर में एक्ट्रेस बाली की हरियाली के बीच झूला झुलती नजर आ रही हैं. तो दूसरी तस्वीर में एक्ट्रेस पिंक कलर की लॉन्ग बैकलेस ड्रेस में अपना स्टाइल दिखा रही हैं. चिलचिलाती गर्मी के बीच मौनी रॉय बाली के वॉटरफॉल्स भी खूब एन्जॉय कर रही हैं. यहां एक फोटो में एक्ट्रेस वॉटरफॉल के सामने ग्लैमरस लुक में पोज देती नजर आ रही हैं. तो दूसरी फोटो में एक्ट्रेस वॉटर फॉल के पानी में तैरने के लिए छलांग लगाती दिखाई दे रही हैं. मौनी रॉय के बाली वेकेशन की फोटोज देख ऐसा लगता है कि एक्ट्रेस वॉटर बेबी हैं. क्योंकि तस्वीरों में एक्ट्रेस कभी वॉटरफॉल के किनारे, तो कभी स्विमिंग पूल किनारे पोज करती दिख रही हैं. मौनी रॉय बाली की वेकेशन अपनी गर्ल गैंग के साथ एन्जॉय कर रही हैं. एक फोटो में एक्ट्रेस बाली की खूबसूरती का नजारा अपनी दोस्तों के साथ लेती दिखाई दे रही हैं. तो दूसरी फोटो में गर्ल गैंग के साथ स्टाइलिश और ग्लैमरस पोज देती नजर आ रही हैं. मौनी रॉय के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस जल्द ही विक्रांत मैसी, सुनील ग्रोवर के साथ ब्लैकआउट में दिखाई देंगी.



# दीपिका पादुकोण के प्रेग्नेंसी ग्लो के दीवाने हुए रणवीर सिंह



वाइफ को लोगों की बुरी नजर से बचाने के लिए किया ये काम मॉम टू बी दीपिका पादुकोण हाल ही में एक ब्यूटी लॉन्च इवेंट में पहुंचीं, जहां येलो रंग की प्रिंसेस कट नेकलाइन वाले गाउन में उन्होंने अपनी खूबसूरती से हर किसी का दिल जीत लिया। अब अगर वाइफ इतनी खूबसूरत दिखे तो भला पति उनकी तारीफ किए बिना खुद को कैसे रोक सकते हैं। कुछ ऐसा ही रणवीर सिंह के साथ भी हुआ। दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी स्टेज को एन्जॉय कर रही हैं। रणवीर और दीपिका जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं। इसी बीच हाल ही में दीपिका पादुकोण बीते दिनों एक ब्यूटी लॉन्च इवेंट में पहुंचीं जहां उन्होंने अपने लुक से हर किसी को दीवाना बना दिया। फैंस तो फैंस दीपिका के इस लुक पर तो उनके पति भी अपना दिल हार बैठे हैं। तभी तो देखिए किस तरह उन्होंने पोस्ट शेयर कर अपनी वाइफ की खूबसूरती की तारीफ की है, साथ ही उन्हें बुरी नजर से बचाने के लिए टोटका भी किया है। रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर दीपिका पादुकोण की तीन तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर में रणवीर ने दीपिका को अपनी सनशाइन कहा।

वहीं दूसरी तस्वीर शेयर कर रणवीर दीपिका पादुकोण की खूबसूरती पर मर मिटने को तैयार हो गए। उन्होंने लिखा- `उफ्फ, क्या करूण माई, मार जाऊ ?' वहीं तीसरी तस्वीर शेयर कर रणवीर ने लिखा, `बुरी नज़र वाले तेरा मूह काला।' दीपिक वाकई में येलो आउटफिट में गजब की खूबसूरत दिख रही हैं। इस लुक में उनके चेहरे पर प्रेग्नेंसी का ग्लो भी साफ नजर आ रहा है, जो कि उनकी खूबसूरती में चार-चांद लगा रहा है। उनके इस लुक की हर तरफ खूब चर्चा हो रही है।

# फराह खान की है काली जुबान, बोलीं- मैं बददुआ देती हूं कि तेरी...



कपिल शर्मा के शो में हर शनिवार सेलिब्रिटीज अपने बारे में कुछ दिलचस्प खुलासे जरूर करते हैं। इस बार द ग्रेट इंडियन कपिल शो में फराह खान और अनिल कपूर मेहमान बनकर आए। इस दौरान फराह ने अपने बारे में एक चौंकाने वाला खुलासा किया।

उन्होंने खुद को लेकर कुछ ऐसा बताया जिसे सुन फैंस हैरत में पड़ गए। फिल्ममेकर फराह खान की दोस्ती इंडस्ट्री में कई लोगों के साथ बहुत अच्छी है। शाह रुख खान से लेकर करण जौहर तक, फराह इंडस्ट्री में कई लोगों से अच्छा बॉन्ड शेयर करती हैं। वह कपिल शर्मा के शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में नजर आईं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो के हालिया एपिसोड में झक्कास एक्टर अनिल कपूर और फराह खान ने एंट्री ली। इस दौरान दोनों एक दूसरे के बारे में कुछ खुलासे करने के साथ ही अपने बारे में भी कई दिलचस्प बातों का खुलासा करते नजर आए। इसकी एक छोटी सी झलक सामने आए वीडियो में देखी जा सकती है। फराह खान, अनिल कपूर को `पापाजी' बुलाती हैं। वह बताती हैं कि अनिल कपूर किसी से बदला नहीं लेते, लेकिन वो बदला जरूर लेती हैं। इसका तरीका भी अनोखा है। कपिल शर्मा ने पूछा कि वह लोगों से कैसे बदला लेती हैं, तो फराह बताती हैं कि वह मन में लोगों को बददुआ देती हैं- तेरी अगली 3-4 फिल्म फ्लॉप हो जाएं। उन्होंने कहा कि जिनकी 3-4 फिल्में फ्लॉप हुई हैं, उन्हें अब पता चला होगा क्यों। मैं उन्हें एक ही नजरिये से देखती हूं। मेरी काली जुबान है।

फराह ने कहा कि उन्होंने कभी अनिल कपूर को बदला लेते नहीं देखा। इस पर एक्टर बोलते हैं कि वो बदला भी लेते हैं और माफ भी कर देते हैं। अनिल कपूर कहते हैं कि वो अपनी ग्रोथ के जरिये लोगों से बदला लेते हैं।

# इस एक्ट्रेस के प्यार में दीवाने थे करण जौहर, टीवी पर कर चुके हैं प्यार का इजहार

खुद को एक अनसूटेबल बॉय मान चुके करण जौहर ने कभी खुद या अपनी पर्सनल लाइफ को लोगों से छुपाने की कोशिश नहीं की. वो जैसे हैं वैसे ही सबको नजर आते रहे हैं. फिर चाहें वो अपनी पर्सनल पसंद हो या लव लाइफ की बात हो. करण जौहर की धाक पूरे बॉलीवुड पर जमी हुई है. वो एक सक्सेसफुल प्रोड्यूसर हैं, डायरेक्टर के रूप में भी अपने हुनर का लोहा मनवा चुके हैं. एक अच्छे एंटरटेनर होने के साथ साथ वो स्टार किड्स को लॉन्च करने के लिए भी फेमस हैं. अपनी फिल्मों को लेकर तो करण जौहर सुर्खियों में रहते ही हैं अपनी रियल लाइफ को लेकर भी वो काफी लाइमलाइट बटोरते हैं. खुद को एक अनसूटेबल बॉय मान चुके करण जौहर ने कभी खुद या अपनी पर्सनल लाइफ को लोगों से छुपाने की कोशिश नहीं की. वो जैसे हैं वैसे ही सबको नजर आते रहे हैं. फिर चाहें वो अपनी पर्सनल पसंद हो या लव लाइफ की बात हो. इस एक्ट्रेस से था प्यार करण जौहर का लव इंटरेस्ट हमेशा से ही लोगों के बीच डिस्कशन का प्वाइंट रहा है. खुद करण जौहर भी अपने लव इंटरेस्ट या फिजिकल इंटरेस्ट को लेकर इशारों इशारों में बहुत कुछ कह जाते हैं. उनका लव इंटरेस्ट जो भी हो. असल में करण जौहर ने अपनी लाइफ बहुत दिल से प्यार किया है. और, ये एक्ट्रेस कोई और



नहीं ट्विंकल खन्ना हैं. जो अब अक्षय कुमार की वाइफ हैं. ट्विंकल खन्ना की किताब मिसेज फनीबोन्स की लॉन्चिंग के समय करण जौहर ने अपने प्यार का खुलासा किया था. इन्हें बताया हमसफर करण जौहर सिंगल है, इसके बाद भी दो बच्चों के पिता बन चुके हैं. एक इंटरव्यू में करण जौहर लाइफ पार्टनर के बारे में भी खुलकर बात कर चुके हैं और बता चुके हैं कि उनके लाइफ पार्टनर यानी कि हमसफर कौन हैं. करण जौहर के मुताबिक उनकी मम्मी और उनके दोनों बच्चे ही उनके असल लाइफ पार्टनर हैं. जिनके साथ उनकी जिंदगी खुशी खुशी बीत रही है. इसके अलावा वो अपने बेडरूम में हमेशा शाहरुख खान और गौरी की तस्वीर रखते हैं. उनका मानना है कि दोनों की एंडोरेबल तस्वीर उन्हें स्ट्रेंथ देती है.

### 33 नक्सलियों ने छोड़ा हथियार

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया स्वागत, बोले- सरकार की पुनर्वास नीति का असर

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 33 नक्सलियों ने हथियार छोड़कर समाज की मुख्य धारा को अपनाया है। बीजापुर के 33 नक्सलियों में से तीन माओवादी 5-5 लाख के ईनामी थे, जिन्होंने आत्मसमर्पण किया है। इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुशी जाहिर की है।





सीएम साय ने कहा कि माओवादियों की विचारधारा से क्षुब्ध होकर साथ ही राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर लगातार नक्सली बंदूक छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लौट रहे हैं। बीजापुर जिले में 33 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खुशी जताई है। उन्होंने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनरुत्थान के लिए कार्य करने की बात कही है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि माओवादियों की विचारधारा बदलने और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर बीजापुर जिले के 33 माओवादियों का पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया जाना अत्यंत ही सुखद है। बंदूक छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लौटे इन माओवादियों का स्वागत है। हमारी सरकार इनके पुनरुत्थान के लिए तत्पर है। इस महत्वपूर्ण कामयाबी के लिए पुलिस और सुरक्षाबलों को बहुत-बहुत बधाई।

सीएम साय ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कैंप खोले जा रहे हैं, जो ग्रामीणों के लिए सहायता कैंप की तरह काम कर रही है। इसके साथ ही सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से भी नक्सली प्रभावित होकर बंदूक छोड़ रहे हैं। बता दें कि आत्मसमर्पण करने वाले तैंतीस नक्सलियों में 3 नक्सली पांच-पांच लाख के इनामी थे। 2024 में अब तक 189 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं। वहीं 109 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

# तेन्दूपत्ता की लक्ष्य से ज्यादा हुई तोड़ाई

### कवर्धा एवं राजनांदगांव जिले में भंडारण का कार्य शुरू

राजनांदगांव (दावा)। कवर्धा, खैरागढ़ सहित जिले के वन क्षेत्र में इस साल भी बड़े पैमाने पर तेन्दूपत्ता तोड़ाई का कार्य कराया जा रहा है। इस क्रम में राजनांदगांव जिले सहित कवर्धा जिले के वन क्षेत्र में तेन्दूपत्ता तोड़ाई का कार्य लगभग पूरा करलिया गया है। कवर्धा जिले में जहां लक्ष्य से ज्यादा तेन्दूपत्ता की तुड़ाई कार्य हुआ है। वही राजनांदगांव जिले में 80 हजर 800 मानक बोरा लक्ष्य के बरअक्स 70 हजार मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया गया है। बताया जाता है कि अभी मानपुर वन क्षेत्र में छिटपुट रूप से तेन्दूपत्ता तोड़ाई का कार्य जारी है। इस क्षेत्र में देर से तोड़ाई कार्य शुरू होने के कारण तेन्दूपत्ता तोड़ाई कार्य में विलम्ब हो रहा है। बता दे कि वन विभाग द्वारा 25 जून तक तेन्दूपत्ता तोड़ाई का कार्य जारी रहने की बात कही गई थी। सो. 70 हजार मानक बोरा तुड़ाई के बाद अधिकांश जगह काम समेट लिया गया है।



मानपुर वन क्षेत्र में छुट-पुट तोड़ाई का कार्य जारी

#### लक्ष्य के लगभग करीब

राजनांदगांव जिले के तेन्दूपत्ता प्रभारी योगेश साहू ने बताया कि वन क्षेत्र बड़ा होने के कारण तेन्दूपत्ता तोड़ाई में हर साल लक्ष्य की पूर्ति नहीं हो पाती। इस साल अभी तक लगभग 86-87 प्रतिशत मानक बोरा तेन्दूपत्ता तोड़ाई का कार्य पूरा हो पाया है। मानपुर वन क्षेत्र के कुछ स्थानों में तोड़ाई का कार्य अभी भी जारी है जिससे लगभग हजार बोरा तेन्दूपत्ता और मिल सकता है। उन्होंने बताया कि संग्रहण के पश्चात गोदामों में भंडारण का काम चालू है। 15 जून मानसून आने के पहले भंडारण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

बता दे कि गत दिनों कवर्धा जिले के कुकुदुर वन समिति के तेन्दूपत्ता तोड़ाने वाले श्रमिक वाहन दुर्घटना के शिकार हुए थे। जिसमें श्रमिकों की मौत हो गई थी। इस क्षेत्र के 10 समितियों में लक्ष्य से ज्यादा 135 प्रतिशत तेन्दूपत्ता की तोड़ाई हुई है। हालांकि किसी-किसी में कम बताया जाता है। कुकुदुर की उक्त वन समिति में लक्ष्य से ज्यादा 135 प्रतिशत तेन्दूपत्ता की तोड़ाई हुई है। कुकुदुर की समिति में 2.3 दिन पहले से ही तेन्दूपत्ता तोड़ाई का लक्ष्य पूरा कर लिया गया। अब एकत्रित तेन्दूपत्ता को गोदाम में भंडारण का कार्य चालू है। वन सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार 4-5 जून तक भंडारण का कार्य पूरा हो जाएगा व काम समेट लिए जाएंगे।

#### श्रमिकों को नहीं मिले चरण पादुका

बताते चले कि राजनांदगांव जिले के वन क्षेत्र में तेन्दूपत्ता तोड़ाई के लिए 50 हजार से ज्यादा श्रमिक लगे हुए थे। इन्हें राज्य सरकार द्वारा प्रति मानक बोरा साढ़े पांच हजार रूपए परिश्रमिक दिए जाने है। इसी तरह सरकार द्वारा चरण पादुका दिए जाने की बात कही गई थी किन्तु तेन्दूपत्ता तोड़ाई लगभग खत्म होने के कगार पर पहुंच गई है लेकिन श्रमिकों को चरण पादुका नहीं मिल पाया। प्रभारी योगेश साहू ने बताया कि शासन की ओर से इस सम्बंध में अब तक कोई निर्देश ही नहीं आया है।

बहरहाल अब तेन्दूपत्ता तोड़ाई का कार्य खत्म होने की ओर है। 5 मई से जारी तेन्दूपत्ता तोड़ाई कार्य में राजनांदगांव सहित वनांचल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहला, मानपुर, अंबागढ़ चौकी, बागनदी, डोंगरगढ़, डोंगरगांव आदि स्थानोंपर अधिक से अधिक तेन्दूपत्ता तोड़ाई का कार्य सुनिश्चित कराने का प्रावधान रखा गया था। दक्षिण मानपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सरखेड़ा, कोरकट्टा, हलोरा, उत्तर मानपुर के कोहका, खैर, कट्टा, घोटिया, मानपुर, भर्रीटोला, खरदी, तोलम तथा मोहला क्षेत्र के पांडरवानी, गोटाटोला, टेकाम टोला, कुम्हली, बोगाटोला, दनगढ़, हटिया व चौकी क्षेत्र सहित राजनांदगांव, डोंगरगांव वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर फड़ तैयार किए गए है।

# पाई आर्ट फाउंडेशन एवं ललित कला अकादमी समूह की पेंटिंग प्रदर्शनी आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद विजय बघेल एवं संतोष पांडे ने पाई आर्ट फाउंडेशन एवं ललित कला अकादमी समूह की पेन्टिंग प्रदर्शनी तथा नेचुरोपैथी सेन्टर का ब्लीज इंटरनेशनल सोमनी में उद्घाटन किया।



इस दौरान भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, खूबचंद पारख, सचिन बघेल, अनूप श्रीवास्तव, ललित जैन मदन सेन, रमेश कुमार श्रीवास्तव, कुमुद श्रीवास्तव, डा. प्राची, विजय शर्मा, मोहन बराल, मो. नफीज तथा साहित्यकार मेनका वर्मा विशेष रूप से मौजूद थे। इससे पहले ब्लीज इंटरनेशनल में नेचुरोपैथी सेन्टर का उद्घाटन करते हुए डॉ. रमन सिंह ने इसे भारतीय चिकित्सा पद्धति की एक बड़ी सौगात कहा है। साथ ही कहा कि पूरी दुनिया आज एलोपैथी के दुष्प्रभावों से हताश है और ऐसे समय में भारत का आयुर्वेदिक उपचार एक बेहतर विकल्प हो सकता है। उन्होंने रमेश श्रीवास्तव के योगदान को मील का पत्थर निरूपित किया जो यहां ऐसी सुविधाएं मुहैया करा रहे है।

वहीं सांसद विजय बघेल ने नेचुरोपैथी सेन्टर की तारीफ करते हुए कलाकारों से कहा कि आप सभी मेरे दिलों में रहते हैं। सांसद संतोष पांडे ने ब्लीज इंटरनेशनल के कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। ज्ञात हो कि 19 मई को सोमनी में एक दिवसीय पेन्टिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पचासों कलाकारों ने शिरकत किया था। प्रदर्शनी में खैरागढ़ विश्वविद्यालय के पूर्व डीन शिव प्रसाद चौधरी, सुप्रसिद्ध चित्रकार हरीसेन, बी.एल. सोनी, कपिल वर्मा, किशोर शर्मा, रोहिणी पाटणकर, विनिता गुप्ता, बृजेश तिवारी, खेमलता देवांगन, पापाराव, प्रमोद श्रीवास्तव, भूपत राव बोरकर, उमाकांत ठाकुर, सारिका गोस्वामी, नेहा देवांगन, समीर, सिमरन, प्रीति, स्तुति, गुंजन, जयप्रभा, रंजीत सिंह भाटिया, रिद्धिमा दत्ता, राहुल दत्ता, प्रीति, श्यामा, मिर्जा रफी, नरगिस मिर्जा, रिद्धिमा पांडे, सोनल, तमन्ना, भूपेंद्र, पी. शीतल राव, गनिका, स्तुति गुप्ता, अभिषेक सपन, नायरा रंगारी, माही पाटणकर की पेन्टिंग प्रदर्शित की गई है। इस सफल आयोजन के लिए प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी, प्रवीण कालमेघ एवं ललित कला अकादमी में छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ. अंकुश देवांगन ने समस्त कलाकारों को बधाई दी है। यह प्रदर्शनी 4 जून तक लोगों के दर्शनार्थ ब्लीज इंटरनेशनल में निःशुल्क जारी रहेगी।

# जमीन का वाटर लेबल बढ़ाने केवल पेड़ लगाना ही सच्चा उपाय - चौधरी

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा किसान नेता एवं पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक चौधरी नए जिला पंचायत के द्वारा जल संरक्षण के लिए छोटे-छोटे तालाब का निर्माण कराया जा रहा है।

जल संरक्षण का उद्देश्य अच्छा है लेकिन तालाबों के माध्यम से जमीन के अंदर छत्तीसगढ़ एवं खास कर राजनांदगांव में पानी का संचय संभव नहीं है। अशोक चौधरी ने कहा कि राजनांदगांव जिले के जमीन के नीचे लाल रंग का कच्चा पत्थर है, जिसमें पानी पड़ने से वह फूल जाता है और पत्थर के बीच के क्रेक जिससे पानी अंदर जाता है, वह बंद हो जाता है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण रानीसागर, बूढ़ासागर एवं मोती तालाब है, जो लगभग 150 वर्ष से मौजूद है लेकिन रानीसागर के नजदीक में बने से सर्किट हाउस में आठ बोर कराया गया एक में भी पानी नहीं है। जब डेढ़ सौ साल से जमा हुआ पानी जमीन के अंदर नहीं गया, तब केवल बरसात का पानी जमीन के नीचे कैसे जाएगा।



अगर जमीन का वाटर लेबल बढ़ाना है तो एक ईमानदार प्रयास के रूप में केवल पेड़ लगाना ही सच्चा उपाय है। पेड़ अपने सूक्ष्म जड़ के माध्यम से पानी का संचय करता है। देश के विभिन्न हिस्से में गड्ढों के माध्यम से जल संवर्धन कार्यक्रम सफल हुआ है लेकिन राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में यह केवल ठोस पत्थर वाले हिस्सों में सफल हो सकता हैं।

# नक्सल हिंसा पीड़ित लोगों को नहीं मिल रहा पीएम आवास का लाभ

### सौ से अधिक संख्या में पीड़ित किराए के मकान में रहने मजबूर

राजनांदगांव (दावा)। जिले के लगभग 120 नक्सल हिंसा पीड़ित परिवार के पास स्वयं का मकान नहीं होने के कारण उन्हें सुरक्षित निवास के लिए दर-दर भटकनी पड़ रही है। उन्हें किराए के मकान में रहना पड़ रहा है। शासन एवं प्रशासन से पीएम आवास की मांग करते हुए दर्जनभर के करीब नक्सल हिंसा पीड़ितों ने प्रेसवार्ता के माध्यम से अपनी पीड़ा बताई और कहा कि जिले में नक्सल पुनर्वास नीतिका पालन नहीं हो पा रहा। इससे वे यहां वहा भटकने के लिए मजबूर हो रहे है।

डोंगरगढ़ के निकट ग्राम सेन्दरी में किराए की मकान में रहने वाले नक्सल हिंसा पीड़ित धीरेन्द्र कुमार साहू, मानपुर की नमिता देहाड़ी, छुरिया के खिलावन ठाकुर, मानपुर के रूपेश कुरेटी, बोरतलाव क्षेत्र के लभनाधार निवासी गणेश वर्मा, मानपुर-मोहला क्षेत्र के कांता मंडावी व पवन कृसान आदि ने बताया कि नक्सल पुनवार्स नीति के तहत नक्सली हिंसा पीड़ित लोगों को शहरी क्षेत्र में आवास के लिए नजूल जमीन देने का प्रावधान है। वे सभी पीड़ित परिवार उन्हें मकान दिलाने के लिए 20 सालों से जिला कलेक्टर कार्यालय से लेकर मुख्यमंत्री निवास तक धरना प्रदर्शन कर चुके है। ज्ञापन सौंपा जा चुका है। इसके बाद उन पीड़ितों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

#### कांग्रेस सरकार ने नहीं दी जमीन

पिछले कांग्रेस सरकार के समय सीएम भूपेश बघेल ने महात्मा गांधी जयंती पर हम पीड़ित परिवारों को मकान देने की घोषणा की थी जो सरकार के अंत तक पूरी नहीं हो पाई। हालांकि घोषणा के बाद जिला स्तरीय पुनर्वास समिति द्वारा नक्सल पुनर्वास योजनांतर्गत 900 वर्ग फीट जमीन आबंटन का निर्णय लिया गया था लेकिन 3 साल तक जमीन आबंटन नहीं किया गया और 2024 में हम लोगों को पात्रता नहीं रखते हो कर जिला पुनर्वास समिति द्वारा जमीन आबंटन को निरस्त कर दिया गया। पीड़ितों ने बताया कि नक्सल पुनर्वास नीति के अंतर्गत भाजपा शासन काल में कलेक्टर द्वारा हम पीड़ित परिवारों को कलेक्टर दर पर नौकरी व आर्थिक सहायता जरूर प्रदान की गई थी। लेकिन रहने के लिए मकान व छात्रवृत्ति आज तक प्रदान नहीं की गई। इससे उन्हें बिना सुरक्षित आवास के दर-दर भटकनी पड़ रही है किराए के मकान में रहना पड़ रहा है। पीड़ितों ने बताया कि कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा के समय नक्सल पीड़ित परिवारों से चर्चा कर समिति को उनकी समस्याओं का निराकरण के लिए निर्देश दिए थे। इसके बाद भी आज तक कुछ भी नहीं हुआ।




#### बस्तर क्षेत्र में नीति लागू

नक्सल हिंसा पीड़िता ने बताया कि नक्सल हिंसा पीड़ितों के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में नक्सल पुनर्वास नीति लागू है लेकिन राजनांदगांव जिला के पुनर्वास समिति द्वारा नक्सल पुनर्वास नीति की अवहेलना करते हुए ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कहकर आवेदन निरस्त कर दे रहे है। पीड़ितों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों कोंडागांव, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, कांकेर के पुनर्वास समिति द्वारा नक्सल हिंसा पीड़ितों को आवास व नौकरी दे रहे लेकिन राजनांदगांव जिले में सरकार के इस पुनर्वास नीति की खुले तौर पर अवहेलना की जा रही है। पीड़ितों की माने तो पीड़ित परिवारों को 90 दिन के भीतर पुनर्वास करने का समय सीमा निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिला स्तरीय पुनर्वास समिति गठित है। जिसके अध्यक्ष कलेक्टर व सचिव पुलिस अधीक्षक है। इसके बाद भी उन्हें आज तक आवास से वंचित रखा जाना नक्सल हिंसा पीड़ितों के साथ अन्याय है। नक्सल हिंसा में अपने पिता खो चुके धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि उसका बाप बिलो साहू भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता थे व एक और भाजपा के रामचन्द सिन्हा की नक्सलियों ने हत्या कर दी थी। उसका परिवार व अन्य नक्सल हिंसा पीड़ित लोग आवास के लिए दर-दर भटक रहे है।

### संतोष पाण्डेय ने किया जलाराम बाप्पा का दर्शन



राजनांदगांव ( दावा )। लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय का आज गुजराती सोसायटी कंचनबाग स्थित नवनिर्मित श्री जलाराम बापा मंदिर में पूजा अर्चना की व दर्शन लाभ लिया। साथ ही इस भव्य मंदिर के कम समय में निर्माण की तारीफ की व बधाई दी। श्री जलाराम सत्संग सेवा समिति के अध्यक्ष सूरज बुद्धदेव, उपाध्यक्ष मनीष साहिता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# 13 जून को मानसून की एंट्री! प्रदेश भर में होगी झमाझम बारिश

रायपुर। छत्तीसगढ़ में नौतपा के पहले ही दिन शनिवार को गर्मी से लोगों का बुरा हाल रहा। दिन भर कड़ी धूप, तो रात में गर्म हवाओं के चलते लोग बेहाल रहे। स्थित ये रही कि अधिकतम व न्यूनतम दोनों तापमान में बढ़ोतरी बर्ज की गई। सही नहीं मौसम विभाग ने आगामी दिनों में अधिकतम में 2 से 3 डिग्री और बढ़ोतरी की आशंका जताई है।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा के अनुसार एक द्रोणिका उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के ऊपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण से पश्चिमी मध्यप्रदेश होते हुए पश्चिमी विदर्भ तक औसत समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर तक स्थित है। आगामी 24 घंटे में जिले के कुछ स्थानों में अंधड़ के साथ हल्की बारिश का अनुमान है। केरल में 31 मई को मानसून के दस्तक देने के पूर्वानुमान के साथ ही देश के अन्य राज्यों में भी मानसून की शुरुआत हो जाएगी।

वहीं मौसम विभाग के पूर्वनुमान के अनुसार मानसून 13 जून को बस्तर से होते हुए छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगा। इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में अच्छी बारिश होने की भी उम्मीद है। मौसम विभाग ने 106 प्रतिशत तक बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया है।

#### पारा 40 के पार, दोपहर में सड़कें सूनी

शुक्रवार को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस था, जो शनिवार को बढ़ कर 40.4 डिग्री हो गया। इसी तरह न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस था जो बढ़ कर 28. 8 डिग्री दर्ज किया गया। इस तरह शुक्रवार के मुकाबले दोनों तापमान में 1-1 डिग्री से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई। नौतपा के पहले दिन शनिवार को सुबह से ही कड़ी धूप रही, जो शाम तक बनी रही। माना जा रहा था कि हर रोज की तरह आज भी शाम होते ही तेज हवाओं के साथ काली घटाएं छाएंगी, पर ऐसा नहीं हुआ। दिन भर धूप की तपिश शाम ही नहीं, रात में भी बनी रही। गर्म हवाओं के चलते रात में गर्मी व उमस से लोग परेशान रहे।




# जिप सीईओ ने गंदगी पाये जाने पर तीन सचिवों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई

**○ ग्राम भंवरमरा के ऑक्सीजोन में स्वच्छता बनाये रखने हेतु सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु स्थल का किया गया चयन**
**○ हर ग्राम में करेंगे कचरा संग्रहण और बनाएंगे ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम**

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा जिला राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई तीनों जिले में कार्यों में गति एवं प्रगति लाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों का निरंतर दौरा एवं निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ ने विकासखण्ड जनपद पंचायत क्षेत्र राजनांदगांव एवं डोंगरगांव के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने राजनांदगांव विकासखण्ड के ग्राम भंवरमरा के ऑक्सीजोन में स्वच्छता बनाये रखने हेतु सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु स्थल का चयन किया गया एवं कार्ययोजना के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्राम भोडिया में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ कराये जाने हेतु निर्देश दिए तथा ग्राम स्तर पर कचरे का ढेर पाये जाने पर ग्राम पंचायत सचिव के ऊपर 250 रूपए पंचायत राज अधिनियम के तहत जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई तथा भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति पाये जाने पर कठोर दण्डात्मक कार्रवाई हेतु सचेत किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने तालाब गहरीकरण का निरीक्षण किया। उन्होंने डोंगरगांव विकासखण्ड के ग्राम-खुर्सीपार में नाली से निकलने वाले ग्रेवाटर रोड में बहने के कारण तथा साफ-सफाई नहीं होने से गहरी नाराजगी व्यक्त की और ग्राम पंचायत सचिव पर तत्काल 250 रूपए का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की। उन्होंने ग्राम नदिया में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया, जिसमें इनलेट एवं आउटलेट के सुधार एवं वृक्षारोपण की तैयारी हेतु निर्देश दिया। साथ ही गंदगी पाये जाने के कारण ग्राम पंचायत सचिव के ऊपर 250 रूपए का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम भाखरी (रातापायली) का निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने वृक्षारोपण का अवलोकन किया। साथ ही गेप-फिलिंग की जगह पर वृक्ष लगाने हेतु निर्देश दिए।





जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम किरगी में कचरा संग्रहण कर रहे स्वच्छाग्राहियों को और अच्छे से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही ग्रामीण स्तर पर गंदगी पाये जाने पर ग्राम पंचायत सचिव के ऊपर 250 रूपए का जुर्माना लगाने की कार्रवाई किया। उन्होंने ग्राम अमलीडीह में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र का अवलोकन किया। यहां एकत्र हो रहे प्लास्टिक के प्रसंस्करण, प्रबंध एवं उपयोग के संबंध में जानकारी प्राप्त की। प्लास्टिक अपशिष्ट के संग्रहण एवं प्रसंस्करण के प्रयास और अच्छे से करने हेतु निर्देश दिया गया। इस दौरान जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com